CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 07°C

बरेली, मंगलवार 3 फरवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 65 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभ: योगी पेज 2



भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाकिस्तान को चेताया खेल टाइम्स



सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी सम्पादकीय



भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में एक करोड़ नौकरियां खतरे में पेज 12

## सिंधु जल समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत गठित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (सीओए) की कार्यवाही को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह इस अदालत की वैधता को नहीं मानता और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होगा। जब सिंधु जल संधि को ही भारत ने स्थगित कर रखा है, तो उस संधि के तहत बनी किसी संस्था को जवाब देने की बाध्यता नहीं है।

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने फरवरी 2-3 को नीदरलैंड्स के पीस पैलेस में सुनवाई तय की है। साथ ही भारत के बगलिहार और किशनगंगा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स से जुड़े 'पोंडेज लागबुक' दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है। भारत ने इन आदेशों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने 24 जनवरी 2026 के आदेश में कहा था कि अगर भारत मौजूद नहीं रहता, तो पाकिस्तान अकेले ही सुनवाई में दलीलें देगा। इसके बाद 29 जनवरी को कोर्ट ने भारत से बगलिहार और किशनगंगा प्रोजेक्ट्स के ऑपरेशनल रिकॉर्ड मांगे। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि दस्तावेज नहीं मिलने पर वह 'एडवर्स इनफेरेंस' यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है। साथ ही यह भी कहा गया कि भारत द्वारा संधि को स्थगित करने का फैसला कोर्ट की अधिकार-सीमा को प्रभावित नहीं करता। भारत का कहना है कि मौजूदा विवाद तकनीकी है और इसे न्यूट्रल एक्सपर्ट के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। सिंधु नदी के पानी को लेकर जब भी कोई तकनीकी विवाद होता है, तो उसे सुलझाने के लिए न्यूट्रल (निष्पक्ष) एक्सपर्ट की व्यवस्था की गई है। यह प्रावधान सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) में पहले से तय है। न्यूट्रल एक्सपर्ट कोई अदालत नहीं होता। वह एक स्वतंत्र और तटस्थ तकनीकी विशेषज्ञ होता है, जो पानी से जुड़े तकनीकी सवालों पर राय देता है। भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 फीसदी जमीन पाकिस्तान, 39 फीसदी जमीन भारत, 8 फीसदी जमीन चीन और 6 फीसदी जमीन अफगानिस्तान में है।



**कहा: इस अदालत की वैधता को नहीं मानते और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे**

**दस्तावेज नहीं मिलने पर वह एडवर्स इनफेरेंस यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है: कोर्ट**

### इंडिगो विमान के टॉयलेट में पेपर पर लिखा मिला 'ब्लास्ट'

**वाराणसी।** हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-6719 में रविवार शाम को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस की टीमें तत्काल सक्रिय हो गईं। विमान के लैंड करने के बाद तुरंत गहन जांच शुरू कर दी गई। जांच के बाद हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इंडिगो की यह फ्लाइट वाराणसी पहुंच रही थी, तभी क्रू सदस्य को टॉयलेट में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिस पर कुछ लिखा हुआ था। एयरपोर्ट प्रशासन तुरंत सतर्क हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सलाह लेने के बाद वह अपने निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगे। मीडिया से बातचीत में श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति नरम रुख दिखाते हुए कहा कि उनकी मुख्य आपत्ति केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक कंपनी की तरह संचालित हो रही है, जहां निर्णय सीमित लोगों के हाथ में केंद्रित हैं।।

### तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा को यहां रविवार देर रात संपन्न हुए 68वें ग्रैमी अवाड्र्स में 'बेस्ट ऑडियोबुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' श्रेणी में विजेता चुना गया। इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे, लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियोबुक प्रोजेक्ट 'मेडिटेशंस : द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला है। उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन और लेखक ट्रेवर नोआ (इंटू द अनकट ग्रास), केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एड मी) जैसे नाम शामिल थे।

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार भूकंप का केन्द्र बड़गाम जिले में था, जिससे घाटी के कुछ हिस्सों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह 5:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केन्द्र 33.9 उत्तरी अक्षांश और 74.76 पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, शोपियां और आसपास के इलाकों में भी महसूस किए गए, जिससे लोग घरों से बाहर निकल आए।

### CBI ने 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 'अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाए गए एक बहुद्देशीय अभियान ऑपरेशन साइस्ट्राइक' की शुरुआत की यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है, जो सीमा पार (अंतर्राष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं।

## जाति जनगणना 2027 पर पीआईएल खारिज

### सुप्रीम कोर्ट का जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व- निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई -शेष पृष्ठ दो पर

**शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से कहा: सुझावों पर करें विचार**



### वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है। जिला मजिस्ट्रेट ने हालात को देखते हुए गिरफ्तारी का सही फैसला लिया। मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है।

**सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा: वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, जहर उगलने नहीं दे सकते**

## जामिया के पूर्व कुलपति इकबाल हुसैन का निलंबन रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के पूर्व कुलपति प्रोफेसर इक़बाल हुसैन के निलंबन को निरस्त करते हुए कहा है कि उनके खिलाफ चलाई गई अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने प्रोफेसर हुसैन की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें उनके निलंबन को चुनौती दी गई थी।

जेएमआई विश्वविद्यालय ने सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया कि उसने छह सितम्बर 2024 के निलंबन आदेश को पहले ही वापस ले लिया है और इसके लिए 20 जनवरी 2026 को एक नया आदेश जारी किया गया था। न्यायालय ने इसी बात को रिकॉर्ड पर लेते हुए प्रोफेसर हुसैन को उनकी अकादमिक और शैक्षिक जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने की इजाजत दे दी। साथ ही न्यायालय ने यह निर्देश दिया कि जब तक अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे एस्टेट ऑफिसर के तौर पर काम नहीं करेंगे। न्यायालय ने कहा कि विभागीय जांच डेढ़ साल से ज्यादा समय से लंबित थी और माना कि इतनी लंबी जांच से बेवजह परेशानी होती है। इसलिए, पीठ ने विश्वविद्यालय को छह हफ्ते के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया। यह मामला जेएमआई की कार्यकारी परिषद के एक फैसले से जुड़ा है, जिसमें विधि संकाय के पूर्व डीन और सेवा न्यायशास्त्र के जाने-माने विशेषज्ञ प्रोफेसर हुसैन से विश्वविद्यालय के जमीन खरीदने के पहले अधिकार के बारे में राय देने को कहा गया था। प्रोफेसर हुसैन ने जमीन खरीदने के खिलाफ सलाह देते हुए सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को अपनी मौजूदा जमीन का सही इस्तेमाल करना चाहिए और मेडिकल कॉलेज एवं दूसरे अकादमिक विकास जैसी जरूरी परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन बचाने चाहिए। उनके विचार का कार्यकारी परिषद के ज्यादातर सदस्यों ने समर्थन किया, जिसके बाद यह तय हुआ कि विश्वविद्यालय जमीन नहीं खरीदेगा। प्रोफेसर हुसैन ने परिषद के निर्देश पर काम करते हुए औपचारिक रूप से जमीन मालिक को फैसले की जानकारी दी और कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्रोफेसर हुसैन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अद्वैत घोष ने अधिवक्ता अंकुर चिब्बर के साथ मिलकर कहा कि कार्यकारी -शेष पृष्ठ दो पर



**अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में: दिल्ली हाईकोर्ट**

## सोना 891 महंगा व चांदी 10,856 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में सोमवार को करीब 900 रुपये चढ़कर 1,48,644 रुपये दस ग्राम पर पहुंच गई, जबकि चांदी में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम पांच बजे सोना 891 रुपये (0.60 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 1,48,644 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। पीली धातु के विपरीत चांदी 10,856 रुपये यानी 4.09 प्रतिशत टूटकर 2,54,796 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर रही। पिछले महीने सोना 1,75,000 रुपये प्रति दस ग्राम को पार कर गया था। चांदी भी चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई थी। लेकिन उसके बाद दोनों कीमती धातुओं के दाम घटे हैं, विशेषकर चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई है। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं के दाम बढ़ गए।

## ममता काली शॉल ओढ़कर सीईसी से मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे।

मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैं चार बार केंद्रीय मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। ममता बोलीं, मैंने चुनाव आयुक्त से कहा कि उनकी कुर्सी का सम्मान करती हूं, क्योंकि कोई भी कुर्सी हमेशा के लिए नहीं रहती। एक दिन उनको जाना ही होगा। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? चुनाव लोकतंत्र का त्योहार होते हैं, लेकिन उन्होंने 58 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए और अपना बचाव करने का मौका तक नहीं दिया।



**बोलीं: चुनाव आयोग भाजपा का आईटी सेल है, ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा**

## यूपी के 30 जिलों में कोहरा राजस्थान व मप्र में ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता

**उत्तर भारत** का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी। मैदानी राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही। आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है। सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस 8.0, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

**हिमाचल के मनाली में बर्फबारी**

**अगले 5 दिन में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस मौसम बदलेंगे**

### दिल्ली पर कोहरे व प्रदूषण की चादर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में सोमवार सुबह हल्की धुंध देखी गई और वायु प्रदूषण सामान्य से खराब स्थिति में दर्ज किया गया। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह करीब सात बजे के आंकड़ों में द्वारका के सेक्टर तीन, छह और 10 'खराब' श्रेणी में थे, जिनका एक्यूआई 243 था। जबकि महिपालपुर (एक्यूआई 134) और मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग (एक्यूआई 118) जैसे अन्य स्थान 'सामान्य' श्रेणी में रहे। गाजियाबाद में भी 259 एक्यूआई के साथ हवा 'खराब' श्रेणी में रही।

## राहुल बोले: चीनी टैंक लद्दाख पहुंचे, शाह -राजनाथ ने टोका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का हवाला देते हुए कहा कि 4 चीनी टैंक लद्दाख सीमा में पहुंच गए थे।

राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 3 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल ने बोलना शुरू किया, लेकिन हंगामे के चलते महज 9 मिनट बाद ही कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



**स्पीकर ने माइक बंद कराया, जनरल नरवणे की किताब के 9 प्वाइंट पर लोकसभा में हुआ हंगामा**

### सरकार डरती है, मुझे जनरल नरवणे के शब्द बोलने से रोकती है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की लिखी कुछ बातें लोकसभा में बोलना चाहते थे, लेकिन इससे सरकार डर रही है और उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। श्री गांधी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे सिर्फ 2-3 लाइनें बोलनी हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पूर्व सेना प्रमुख के शब्द हैं। ये उनके रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के अंश हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 तक सम्पन्न करा लें 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं: सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर मंगलवार को संशोधित आदेश जारी किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर 4 फरवरी तक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षाएं पहले 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक निर्धारित थीं, लेकिन 1 फरवरी को कुछ विद्यालयों में परीक्षाएं शेष रहने के कारण अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 फरवरी 2026 कर दी गई है।

### उप्र में 384 मुख्य पुलिसकर्मी बने उप निरीक्षक, आदेश जारी

**लखनऊ।** शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 384 मुख्य आरक्षियों (नागरिक पुलिस) को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली-2015 (संशोधित) के अंतर्गत वरिष्ठता के आधार पर की गई है। सोमवार को उत्तरप्रदेश पुलिस मुख्यालय के पुलिस उपमहानि. रीक्षक स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की प्राधिकृत विभागीय चयन समिति द्वारा चयनित कार्मिकों को पुलिस महानिद. शक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के बाद उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट

# भाजपाई अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने वाले फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर भाजपाई घपलेबाज खुद फ़ार्म-7 छापकर और नक़ली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने इसे लो. कतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका आरोप है कि बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फ़ार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रुक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि फ़ार्म-7 का ग़ैरक़ानूनी इस्तेमाल एक बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सज़ाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता अपने स्तर पर इस कथित फ़र्ज़ीवाड़े का पर्दाफ़ोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। अखिलेश यादव ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चाहे वह गांव-मोहल्ले का स्थानीय मंच हो या ज़िला-मंडल-राज्य स्तर का मीडिया, जो भी इस मुद्दे को उठाकर लोकतंत्र के 'चौथे स्तंभ' की भूमिका निभा रहा है, समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी है। उन्होंने इस 'महा-घोटाले' का भंडाफोड़ करने और तथ्यों को सामने लाने का आग्रह किया है।

## पाकिस्तान के टी-20 वर्ल्ड कप बहिष्कार को लेकर अखिलेश ने उठाए विदेश नीति पर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पाकिस्तान द्वारा आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार की घोषणा के बाद केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं।

संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि भारत सरकार को अपनी विदेश नीति की दिशा पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के घटनाक्रम देश की वैश्विक छवि और कूटनीतिक प्रभाव को प्रभावित करते हैं, इसलिए सरकार को गंभीरता से इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सरकार ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ निर्धारित मुकाबले का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यदि पाकिस्तान अपने रुख पर कायम रहता है और मैच नहीं खेलता है, तो उसके खिलाफ आईसीसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# 69000 शिक्षक भर्ती पर फिर भड़का आरक्षित वर्ग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुटे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों का सब्र एक बार फिर टूटता नजर आया। सोमवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुट गए और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई न हो पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उपमुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी 'केशव चाचा न्याय करो' जैसे नारे लगा रहे थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 13 अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नियमों के अनुसार नियुक्ति के आदेश दिए थे।

# डोकलाम के सच से डरी सरकार राहुल को संसद में नहीं बोलने देती

नई दिल्ली, वार्ता



■ नियम व प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोका

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार डोकलाम में जुड़े सत्य के खुलासे से बहुत डरी हुई है और अब वह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोक रही है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह सरकार अपनी अक्षमता के सत्य के सामने आने से इतनी डरी हुई है कि इसने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोकने के लिए अपने सबसे वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का समूह बनाकर तैनात कर दिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की पुस्तक का प्रकाशन रोकने के लिए जमीन-आसमान एक कर दिया है और अब जो अंश सामने आ रहे हैं वे उनकी तथाकथित राष्ट्रवादी प्रतिबद्धताओं को उजागर करते हैं। अब वे विपक्ष के नेता को घेर रहे हैं और चुप करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर उनकी गलत व्याख्या की जा रही है। सदन तथा देश की जनता को चीन के खिलाफ संघर्ष में सरकार की हिमालई भूलों के बारे में जानने से वंचित किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आगे लिखा कि यह 21वीं सदी के फासीवाद का मामला है, जहां पहले जनता में असहमति को दबाया जाता है और फिर विरोधियों को चुप कराने के लिए नियमों का दुरुपयोग किया जाता है।

## उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए गए

# बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभ: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा 'नेशन फर्स्ट' की भावना को प्राथमिकता दी है। अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की बात करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों की चर्चा तो होती है, लेकिन कर्तव्यों की उपेक्षा कर दी जाती है, जबकि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराना जरूरी है। वर्तमान बजट इसी सोच को मजबूती देता है। योगी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। किसान, युवा, महिलाएं और गरीब वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उत्तर प्रदेश इससे सर्वाधिक लाभ उठाने वाला राज्य होगा। बजट में प्रस्तावित सात रेलवे कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को मिले हैं। आने वाले समय में इससे राज्य को बेहतर कनेक्टिविटी, तेज रेल सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही, अंतर्देशीय जलमार्गों (वॉटरवेज) के उपयोग से भी प्रदेश को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ललितपुर में 1200 एकड़ भूमि पर बायोफार्मा सेक्टर को विकसित किया जा रहा है। ग्लोबल बायोफार्मा के लिए केंद्र सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। इसके अलावा भारत को डाटा सेंटर हब बनाने के लिए 22 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें उत्तर प्रदेश में हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी।

### जिलाधिकारी और पुलिस राजस्व अधिकारी मामलों को गंभीरता से लें: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मामलों को गंभीरता से लें, लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनें और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध अतिक्रमण से जुड़े कई मामले भी रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रार्थना पत्र स्वीकार किए और आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े

मुंबई, वार्ता



बजट के दिन रही भारी गिरावट के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक (1.17 प्रतिशत) चढ़कर 81,666.46 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 262.95 अंक यानी 1.06 फीसदी की तेजी के साथ 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। बजट के दिन रविवार को विशेष सत्र में दोनों सूचकांक करीब दो प्रतिशत लुढ़क गए थे। शेयर बाजारों की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद में अच्छी लिवाली देखी गई। रुपये में तेजी से बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 41.50 पैसे की वृद्धि के साथ 91.52 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वाहनों की बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से सेक्टर में तेजी रही। तेल एवं गैस, धातु, एफएमसीजी, रियलटी, रसायन, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के समूहों में भी लिवाली हावी रही। आईटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक टूट गए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। अडानी पोर्ट्स में पौने चार प्रतिशत और बीईएल तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में सवा तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट में दो से तीन प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, इटरनल, मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# जनवरी में फिर बढ़ी विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार

**मुंबई।** उत्पादन और नए ऑर्डरों में मजबूत वृद्धि के दम पर देश के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार माह-दर-माह आधार पर जनवरी में एक बार फिर बढ़ गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई), जो दिसम्बर 2025 में 22 महीने के निचले स्तर 55.0 पर रहा था, जनवरी में 55.4 दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना क्षेत्र की गति. विधियों में बढ़ोतरी को दिखाता है, जबकि इसका 50 से नीचे रहने गिरावट बताता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की विनिर्माण कंपनियों ने जनवरी में गतिविधियों में दोबार सुधार देखा। इसके पीछे मुख्य कारक थे - नए ऑर्डरों, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि। लागत हल्की बढ़ी है जबकि विक्रय मूल्य में कमी आई है। इससे उत्पादकों का लाभ अनुपात थोड़ा प्रभावित हुआ है। नए ऑर्डरों पहले के मुकाबले तेज वृद्धि के बाद भी कारोबारी भरोसा सुस्त बना हुआ है और भविष्य में उत्पादन को लेकर उम्मीद जुलाई 2022 के बाद के निचले स्तर पर है। एचएसबीसी द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में उपभोक्ता उत्पाद का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वहीं, पूंजीगत वस्तुओं में सबसे धीमा सुधार देखा गया।

# चावल, चीनी, दालें महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं नरमी देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 97 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 13 रुपये फिसलकर 2,861 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 228 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 182 रुपये और मसूर दाल 166 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल का भाव 133 रुपये और उड़द दाल का 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.78 प्रतिशत टूटकर 53.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। मलेशिया में बाजार बंद रहे। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 167 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल 112 रुपये और सूरजमुखी तेल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल भी 63 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति की कीमत 155 रुपये और सरसों तेल की 114 रुपये प्रति क्विंटल क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 112 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े हुए। चीनी की कीमत भी 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जाति जनगणना....**

संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं और पहले ही रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष रखे जा चुके हैं। इन टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र सरकार से कहा कि वह कानूनी नोटिस और याचिका में दिए गए सुझावों पर उचित विचार कर सकती है। 2027 की जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहली बार होगी जब व्यापक स्तर पर जाति आधारित गणना की जाएगी। साथ ही, यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना भी होगी, जिससे आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। याचिकाकर्ता का आरोप था कि जनगणना संचालन निदेशालय ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि नागरिकों की जाति पहचान दर्ज करने के लिए कौन-से मानदंड अपनाए जाएंगे, जबकि इस बार जाति गणना का दायरा अनुसूचित जाति और जनजाति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**जामिया के...**


परिषद के फैसले के मुताबिक काम करने के बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने कथित तौर पर द्वेष की वजह से प्रोफेसर को निलंबित कर दिया। अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रोफेसर हुसैन पर कोई गलत काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। उच्च न्यायालय ने अपील का निपटारा करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया और संबंधित विश्वविद्यालय अधिकारियों को तुरंत आदेश की जानकारी देने का निर्देश दिया।

**राहुल बोले:...** गई। शाम 4 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा हुआ और 11 मिनट बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका। राहुल गांधी ने सदन में कहा कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। जिसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमायर) को कोट किया गया है। राजनाथ सिंह खड़े हुए और बोले कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। राहुल बोले 'आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। 4 चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे। वे कुछ 100 मीटर ही दूर थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राहुल जी आप सदन में नेता विपक्ष हैं। सांसद प्रियंका ने एक बात कही थी, तो उन्होंने आथेंटिक स्तर पर प्रस्तुत किया था। आपसे भी यही अपील है। राहुल ने कहा कि ये सौ प्रतिशत आथेंटिक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल बताएं कि क्या यह प्रकाशित हुआ है या नहीं केवल इतना बताएं। लोकसभा में एनडीए और विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। ओम बिरला ने कहा कि रक्षा मंत्री सही कह रहे हैं। आप सदन में इसका जवाब दें। आप सदन में है, विपक्ष के नेता हैं सही नियम से चलें।

# शंकराचार्य से मिले अलंकार अग्निहोत्री

## एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा

**वाराणसी।**



उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए अलंकार अग्निहोत्री ने रविवार शाम को केदार घाट स्थित विद्या मठ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की।

शंकराचार्य के मौन व्रत पर होने के कारण उनकी बातचीत इशारों में ही हो पाई। अलंकार अग्निहोत्री ने एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जनाधार लगातार कम हो रहा है। निलंबन के प्रकरण पर वे संवैधानिक तरीके से कोर्ट के माध्यम से जवाब देंगे। आंदोलन एससी-एसटी एक्ट के खिलाफ होगा, जो दिल्ली में बड़ा रूप लेगा। फर्जी मुकदमों में लोगों को फंसाया जा रहा है। सात फरवरी को देश के विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के लोग दिल्ली कूच करेंगे। 6 फरवरी तक एससी-एसटी एक्ट को काला कानून मानकर वापस नहीं लिया गया, तो देश की राजधानी दिल्ली के लिए हम सभी 7 फरवरी को कूच करेंगे। शंकराचार्य जी मौन होने के कारण उनसे इस मुद्दे पर अभी विस्तार से बात नहीं हो पाई। अग्निहोत्री ने कहा कि महाराज जी मौन व्रत पर थे, इसलिए बहुत अधिक बात नहीं हो पाई। सनातन धर्म में किसी भी अच्छे कार्य से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेना आवश्यक बताया गया है। एससी-एसटी एक्ट की विभीषिका पूरे देश को झेलनी पड़ रही है। 85 प्रतिशत लोग इस एक्ट को नहीं चाहते। सामान्य वर्ग केंद्र सरकार से काफी नाराज है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। इस संदर्भ में महाराज जी से बातचीत नहीं हो पाई। मेरी कोई राजनीतिक आकांक्षा नहीं है, देश कल्याण की भावना मेरे अंदर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की जो नियमावली आई थी, अगर वह लागू हो जाती तो सिविल वॉर जैसी स्थिति बन सकती थी। इन सबके मूल में एससी-एसटी एक्ट है।

### देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं: ओमप्रकाश राजभर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को वाराणसी स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। शंकराचार्य के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, ष्देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं। संविधान किसी के कहने से नहीं बदल सकता। किसी व्यक्ति के बयान से कुछ नहीं होता। गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा देने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह विषय जब मंत्रिमंडल के समक्ष आएगा, तब उस पर विचार किया जाएगा।

# यूजीसी कानून वापस लेने को गरजा स्वर्ण समाज

## पीएम नरेन्द्र मोदी को चेताया, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** यूजीसी कानून वापस लेने की मांग को स्वर्ण समाज ने कलेक्ट्रेट में जोरदार धरना प्रदर्शन किया तथा चेतावनी दी कि अगर यह काला कानून वापस नहीं लिया गया तो भाजपा के स्वर्ण समाज के नेताओं को जूते चप्पलों से मारा जायेगा।

सोमवार को कलेकट्रेट में यूजीसी कानून के विरोध में स्वर्ण समाज के लोगों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं ने आरोप लगाया कि जब से भाजपा की सरकार बनी है वह हिन्दू समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यह कानून लागू कर स्वर्ण समाज के लोगों का हक छीनने का प्रयास कर रही है। स्वर्ण समाज के नेताओं के बच्चे बड़ी

**■ कलेक्ट्रेट में किया जोरदार प्रदर्शन, नारेबाजी**

युनिवर्सिटियों व विदेशों में पढ़ाई करते हैं यही कारण है कि इस यूजीसी कानून का उन पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि जब तक केन्द्र सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेगी उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होने मोदी सरकार को कोसते कहा कि वह स्वर्ण जाति के लोगों की दुश्मन है। जिस तरह एससी एसटी एक्ट का दुरूपयोग होगा है ठीक उसी तरह इस काले कानून का भी दुरूपयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वर्ण समाज सड़क से लेकर दिल्ली तक इस लड़ाई को लड़ेगा। क्योंकि यह उनके बच्चों के भविष्य से जुड़ी है। इस दौरान नारे गूंजे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से कोई बैर नहीं, प्रधानमंत्री मोदी तेरी खैर नहीं। साथ ही स्वर्ण जाति के भाजपा नेताओं को दो टूक चेताया गया कि चुनाव के समय जब वह वोट मांगने आयेंगे तो उनकी जूते चप्पलों से पिटाई की जायेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।




# बीए की छात्रा रिश्ते के जीजा के साथ फरार

## घर से आभूषण भी ले गई छात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर से कॉलेज जाने के लिए निकली बीए की छात्रा अचानक गायब हो गई। अगले दिन फोन करके उसने बताया कि वह रिश्ते के जीजा के साथ आ गई है। छात्रा घर से सोने-चांदी के जेवरात भी ले गई। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। मामले में परिजनों ने नूरपुर के रहने वाले सफाई कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उस पर नौकरी का लालच देकर छात्रा को बहलाकर ले जाने का आरोप है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। उनकी 20 वर्षीय बेटी अमरोहा शहर के एक डिग्री कॉलेज में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। 31 जनवरी की सुबह छात्रा कॉलेज पढ़ने के लिए आई थी लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने परिचितों और रिश्तेदारियों में तलाश किया तो जानकारी हुई की छात्रा को बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव घुंघली का रहने वाले करनलाल बहला कर ले गया है। करनलाल पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मी है और उसकी तैनाती गंगेश्वरी ब्लॉक है। अगले दिन छात्रा ने परिजनों को फोन करके बताया कि वह रिश्ते के जीजा करन के साथ में है और ये बताकर उसने फोन काट दिया। परिजनों के मुताबिक करनलाल पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। उसने फोन करके धमकी दी है कि छात्रा को पाने के लिए वह किसी की जान भी ले सकता है। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी करनलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। छात्रा को जल्द बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चिकित्सक के मकान से लाखों की चोरी

## घर पर ताला लगाकर गये थे दिल्ली


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर निवासी चिकित्सक के बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर दोनों कमरों में रखी नगदी लैपटॉप सोने चांदी की ज्वेलरी समेत करीब पांच लाख से अधिक के माल पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

सोमवार को नगर के अमरोहा अड्डा स्थित चिकित्सक अमरपाल सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह का आरोप है कि वह किसी कार्य से दिल्ली गये हुए थे। जबकि उनकी पत्नी नेहा अपने बच्चों के साथ मायके गई हुई थीं। इसी दौरान बंद पड़े मकान के जीने का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दोनों कमरों के ताले तोड़कर करीब 55 हजार की नकदी तथा चार से पांच तोले सोने की ज्वेलरी एवं चांदी की दो चेन तथा टीवी, लैपटॉप आदि समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। जैसे ही पीड़ित ने दिल्ली से वापस लौट कर सुबह जीने का ताला टूटा देखा और कमरों में कपड़े बिखरे पड़े देखे तो उनके पैरों के तले की जमीन खिसक गई। वहीं चोरी का अहसास होते ही पीड़ित ने पुलिस को सूचित किया जहां सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। एक तरफ नगर के मुख्य बस स्टैंड अतरासी अड्डे के नजदीक घनी आबादी के बीच सड़क किनारे मकान में चोरी होने से मोहल्ले में भय का माहौल व्याप्त है।

# पिकअप में घुसी होंडा कार, तीन घायल

## हाइवे पर नीलीखेड़ी के पास हुआ हादसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** हाइवे पर दिल्ली से बरेली जा रही एक पिकअप गाड़ी में पीछे से आ रही होंडा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में घायल हुए युवकों की पहचान अभय कुमार पुत्र कुंदन सिंह, अंकित कुमार पुत्र शकुन सिंह तथा अभिषेक पुत्र राजीव कुमार, निवासी ई-4ए, ज्योति कॉलोनी, सेक्टर-32, दिल्ली के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि होंडा कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को तत्काल जोया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। इसके बाद क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया गया। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी। इस संबंध में डिडौली प्रभारी निरीक्षक हरिशबर्धन सिंह ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### तीन दिन से किसान के खेत में बैठा कोबरा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** किसान के खेत में 3 दिन से कोबरा सांप दिखाई दे रहा है जो कुतूहल का विषय बना हुआ है जहां पर ग्रामीण दूर-दूर से सांप को देखने के लिए आ रहे हैं वह सांप किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा रहा है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर निवासी देवराज सिंह के खेत में लगातार 3 दिन से कोबरा सांप दिखाई दे रहा है जहां पर ग्रामीण व दूर-दूर के क्षेत्र से ग्रामीण देखने के लिए आ रहे हैं और वह सांप किसी को नुकसान नहीं पहुंचा रहा है

### बजट से विकसित भारत का सपना होगा साकार: तंवर



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने आम बजट का स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग, युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों और अन्नदाता किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बजट में जिले को कई महत्वपूर्ण सौगातें मिलने जा रही हैं। महिला कल्याण और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाए जाने की घोषणा की गई है, जिससे बेटियों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। साथ ही विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के लिए बेटियों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष कदम उठाए गए हैं।

### आम बजट से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था: तोमर



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने केंद्र सरकार के आम बजट की सराहना करते हुए इसे दूरदर्शी और जनहितकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, महिला, युवा और छोटे व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरता है। सत्यपाल तोमर ने कहा कि बजट में सड़क, रेल, आवास और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मध्यम वर्ग को आयकर में मिली राहत से आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास से जुड़ी घोषणाओं को भी सराहनीय बताया और कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती देगा।

# सुबह में कोहरा व ठंड, दिन में धूप से मिली राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोमवार को जहां सुबह में कोहरे से आफत रही तो वहीं दिन में धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। सुबह के समय स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को को. हरे के बीच से होकर जाना पड़ा। को.

**■ दृश्यता कम रहने से पास का देखना भी रहा मुश्किल**

हरे की दृश्यता भी काफी कम थी, इसलिए करीब दस बजे तक वाहनों को हेड लाइट जलाकर गुजरना पड़ा।

पिछले कुछ दिनों से मौसम कभी भी बिगड़ जाता है। कभी शीतलहर तो कभी बारिश और कभी घना कोहरा। सोमवार की सुबह में कोहरा इतना ज्यादा था कि लोगों को पास का देखना भी मुश्किल हो रहा था। को. हरे के कारण सुबह के समय काफी ज्यादा ठंड रही। कोहरे की दृश्यता कम रहने के कारण वाहन चालकों को थोड़ी दूर तक नहीं दिखाई दिया। वहीं करीब 12 बजे सूर्यदेव की किरणें कोहरे को चीरती हुई धरती पर पहुंची। दोपहर में अच्छी धूप निकलने से जनमानस को ठंड से राहत मिली। लोगों ने धूप में बैठकर समय बिताया तो वहीं बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 20 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। युवक की पहचान जनपद सम्भल क्षेत्र के प्रमोद के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार यह हादसा रविवार की देर रात करीब एक बजे हुआ। हाइवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलैंस के माध्यम से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। यहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान जनपद सम्भल के मुहल्ला सरायतरीन निवासी जयपाल के पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने प्रमोद के शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी भेज दिया, वहीं सूचना मिलने पर परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। वह सम्भल से गजरौला में किस काम से आया था अभी इस बात की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

### सभासद बच्चों को कराया भोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शासन के आदेश पर 35 छात्र छात्राओं को तिथि भोज कराया गया। प्राथमिक विद्यालय लालबाग नंबर 3 प्राथमिक विद्यालय होली वाला नगर के मोहल्ला मनापुर में संचालित किया जा रहा है। शनिवार को शासन के आदेश अनुसार छात्र-छात्राओं को तिथि भोज कराया गया। छात्र छात्राओं के लिए पनीर मटर, छोले, पूरी, मटर चावल व सलाद आदि खाने के लिए बनाया गया था। मुंह मीठा करने के लिए छात्राओं को मोतीचूर के लड्डू भी परोसे गये। शानदार भोजन करते समय बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। इस अवसर पर सभासद अमीर जहां, सभापति शराफत मलिक, शिक्षामित्र रुबीना, विनोद कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

# बैंकेट हाल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पुलिस ने गिरोह के आगे घुटने टेक दिए हैं। पिछली तमाम घटनाएं अभी अनसुलझी हैं, परंतु रोज नई चुनौती मिल रही है। चोरों ने अब बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात पर मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दरवबारे कलां में मोहम्मद फहीम का परिवार रहता है। बीती 28 जनवरी की रात वह अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए मोहल्ला नल स्थित एक बैंक्वेट हॉल गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी बाइक को बैंक्वेट हॉल के सामने खड़ा किया था। रात को करीब 10 बजे जब वह बैंक्वेट हॉल से बाहर आए तो बाइक गायब देख उनके होश उड़ गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित मोहम्मद फहीम ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। बाइक को जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# मार्शल आर्ट में जुनैरा ने जीता गोल्ड मेडल

## 13 साल की उम्र में बढ़ाया अमरोहा का मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हौसले अगर बुलंद हों तो उम्र दीवार नहीं बनती, बल्कि कामयाबी की सीढ़ी बन जाती है। नगर की 13 वर्षीय बेटी जुनैरा अली ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। मार्शल आर्ट की दुनिया में उन्होंने ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर आज पूरा जिला गर्व महसूस कर रहा है।

गाजियाबाद स्थित महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जुनैरा अली ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल और चैंपियन टाइटल बेल्ट अपने नाम की। इस प्रतियोगिता का आयोजन आईपीटीओ की ओर से ग्रैंड मास्टर नरेश सिंह के नेतृत्व में किया गया था, जिसमें देश के कई शहरों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जुनैरा की इस ऐतिहासिक जीत ने न सिर्फ अमरोहा, बल्कि पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। जुनैरा अली ने बताया कि चैंपियन बनना जितना मुश्किल है, उससे कहीं ज्यादा कठिन




चौंपियनशिप तक पहुंचना होता है। कम उम्र में ऐसा इतिहास रचकर जुनैरा अली ने यह साबित कर दिया है कि बेटियां अगर ठान लें, तो हर मुकाम फतह किया जा सकता है।

# एसपी से की विवेचना बदलवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सिंचाई विभाग में ठेकेदार देवऋषि व उनके चालक इंद्रपाल की मौत के मामले में हाल में ही ठेकेदार के पिता ने दर्ज कराए गए मुकदमे की विवेचना बदलने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

बता दें कि मोहल्ला शुक्लपुरी निवासी अतरपाल सिंह नगर के बस्ती रोड स्थित ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रवक्ता हैं। उनके पुत्र देवऋषि सिंचाई विभाग में ठेकेदार थे। 29 मई को देवऋषि व उनके चालक चौबारा गांव निवासी इंद्रपाल के शव बस्ती रोड स्थित उनके कार्यालय परिसर में मिले थे। इस मामले में अतरपाल सिंह ने हाल ही में पुत्रवधू रेखा, शशि निवासी शाहजीपुरा संभल, बुलंदशहर के औरंगाबाद निवासी प्रियंका, बेटे के दूसरे चालक विशाल और उसके चाचा के खिलाफ हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था। बता दें कि पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर की विवेचना अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह को सौंपी गई है। अतरपाल सिंह का कहना है कि अपराध निरीक्षक से उनकी पिछले वर्ष कहासुनी हो गई थी। इसलिए उनको यह भरोसा नहीं है कि वह निष्पक्ष विवेचना करेंगे। उनका आरोप है कि वह विवेचना में आरोपी पक्ष को फायदा पहुंचा सकते हैं। इसलिए उन्होंने एसपी से विवेचना बदलवाने की मांग की है।




# संस्कार युक्त शिक्षा को किया प्रेरित

## हीरा इंटरनेशनल में विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में इंटरमीडिएट के छात्रों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानाचार्य भगवान सिंह ने विद्यार्थियों को सदैव कर्तव्य पथ पर चलते रहने की सीख दी। निरंतरता, एकाग्रता व संस्कारयुक्त् शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। जिससे छात्र-छात्राएं आगे चलकर जीवन में विद्यालय के साथ ही अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करें। विदाई समारोह में छात्र व छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत और डांस प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बच्चों में उनकी प्रतिभा के अनुसार उन्हें विभिन्न खिताब दिए गए। विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से माहौल भावुक कर दिया। कक्षा 12 के छात्र छात्रों का विदाई समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक कपिल अग्रवाल ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत से जुट जाएं। कार्यक्रम में मैंशअप डांस, कॉमेडी, भांगड़ा आदि प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने जमकर डांस किया। रैंप वॉक किया गया। कक्षा 11 में 12 की छात्राओं ने रैम्पवॉक कर वाहवाही लूटी। कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा विदाई की प्रस्तुति ने माहौल भावुक कर दिया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन, शिक्षक छात्र-छात्राएं व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मकान बेचने के नाम पर 13 लाख ठगे

## पीड़ित ने एसपी से लगायी गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला होलीवाला निवासी एक व्यक्ति से मकान बेचने के नाम पर 13 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सगे रिश्तेदारों पर रकम हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित नईम के अनुसार, संभल के मोहल्ला हातिमसराय निवासी आरोपियों ने हसनपुर स्थित अपना एक मकान 13 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था। विश्वास में आकर पीड़ित और उसके विकलांग भाई ने 8 लाख नगद और 5 लाख रुपये चेक के माध्यम से आरोपियों को दे दिये। पूरी रकम प्राप्त करने के बाद आरोपियों ने मकान का बैनामा करने में टालमटोल शुरू कर दी। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में हुए समझौते के बाद भी आरोपियों ने न तो पैसे वापस किए और न ही बैनामा किया। अब आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और मकान को किसी तीसरे पक्ष को बेचने की फिराक में हैं। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

## निष्प्रयोजन सामान की नीलामी के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय शस्त्र अनुभाग, औषधि निरीक्षक कार्यालय, रिकार्ड रूम, राज्य कर अधिकारी, आपदा कार्यालय, जेए कार्यालय, ईआरके, सीआरए, नजारत, खनन कार्यालय आदि सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर सम्बन्धित कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होनें सभी कार्यालयों में पटलवार लम्बित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर उनके निर्धारित समयावधि में उचित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होनें ईआरके0 कार्यालय में निरीक्षण के समय लम्बित मुख्यमंत्री सन्दर्भ पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों के स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को कार्यालय में अनुपयोगी सामान मिलने पर निर्देशित किया गया कि निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी कराएं और अगर उपयोग में लाया जा सकता है तो मरम्मत कराकर उपयोग किया जाए। कार्यालयों में निष्प्रयोज्य एवं अनुपयोगी सामग्री को इकट्ठा न करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अपने कार्यालय को आदर्श कार्यालय बनाएं। कार्यालयों का रख रखाव इस तरह रखें जिस तरह अपने घर का रखते हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा गरिमा सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

## जीजीआईसी में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को किशोरावस्था कार्यक्रम के तहत एक विशेष 'अध्यापक-माता सत्र' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों के शारीरिक व मान. सिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर विद्यालय में उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना रहा। कुमकुम के कुशल निर्देशन में आयोजित इस सत्र में छात्राओं की माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी शैली राजपूत ने किशोरियों में उत्पन्न होने वाली सामाजिक असुरक्षा की भावना पर विस्तार से चर्चा की और माताओं को बेटियों का संबल बनने के लिए प्रेरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आई आरती शर्मा ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस दौरान बरती गई सावधानियां भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव करती हैं। कोमल रानी ने बालिकाओं की दैनिक दिनचर्या और खान-पान में सुधार लाने पर बल दिया, ताकि वे शारीरिक व भावात्मक रूप से सशक्त बन सकें। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उपस्थित रहकर माताओं की शंकाओं का समाधान किया।

# बैटरी चोरी की घटना का 24 घंटे में खुलासा

## एक युवक व दो किशोरों को पकड़ा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना पुलिस ने खेतों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक युवक और दो किशोरों को पकड़कर उनके पास से चोरी की छह बैटरियां बरामद की हैं। बरामद बैटरियों की कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार एक फरवरी को बैटरी चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम शेरपुर निवासी 24 वर्षीय भागसिंह को दो किशोरों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने शेरपुर, बसी मोहम्मदपुर, चांद्रा फार्म और रानी बस्तौरा के जंगलों से किसानों के खेतों में लगी झटका मशीनों की बैटरियां चोरी की थीं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग कंपनियों की छह बैटरियां बरामद की हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने पहले भी मोटर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी बलेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से किसानों ने राहत की सांस ली है।

# रंगारंग कार्यक्रमों संग मना बिहारी सिंह कालेज का वार्षिकोत्सव

## देशभक्ति में कार्य करें छात्रः कृष्णम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज के 15 वें स्थापना दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। देशभक्ति की नाट्य कार्यक्रमों से गाथा सुनाई गई।

सोमवार को रहरा के बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में विद्यालय के 15 वें स्थापना उत्सव दिवस को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कल्कि धाम पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम एवं विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी शिक्षक विधायक डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के स्मृति चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने छात्राओं को देशहित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की छात्रा पल्लवी ने अपने हाथों से बनाये आचार्य जी का स्मृति चिन्ह उनको भेंट किया। विद्यालय के डायरेक्टर ब्रहम दत्त त्यागी एवं विद्यालय की प्रबंधिका सुमन त्यागी ने सभी अतिथियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने देश हित के बारे में भाषण भी दिया। विद्यालय के डायरेक्टर ब्रहम दत्त त्यागी ने बताया कि विद्यालय की छात्राएं लगातार इलाके का नाम रोशन कर रही है।इस अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद त्यागी, त्रिवेणी शुगर मिल के प्रबंधक अमोद कुमार शर्मा, रामकिशोर त्यागी, विकास विजय त्यागी, अमोद कुमार त्यागी, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह त्यागी, अनुपम त्यागी, अर्पित त्यागी, महेंद्र सिंह त्यागी, श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, मुनीम कुमार, श्रीमती रेखा ठाकुर, अरविंद कुमार, रामपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# मिलाता है जो शमशीरे अली अकबर की नजरों से....

## अली अकबर की यौमे विलादत पर महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। इमाम हुसैन के बेटे शहजादे अली अकबर अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत पर मनकबती महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर समा बांध दिया।

रविवार रात शहर के मोहल्ला काजी गली स्थित इमामबाड़ा छज्जी में सजी महफिल की शुरुआत मंजर अब्बास ने तिलावत कुरआन-ए-पाक से की जबकि नाते रसूल का नजराना ताजदार अमरोहवी ने पेश किया। वसीम अमरोहवी ने पढ़ा...जो अहले तख्त हैं वह आज भी मैदां से गायब है, अमामा आज भी थामे हुए तलवार मिलता है। नाजिम अमरोहवी ने कहा...बाजुज शब्बीर दुनिया में मुकद्दर किसका ऐसा है, किसे फरजंद मिसले अहमदे मुख्तार मिलता है। अलमदार सीतापुरी यूं नमूदार हुए...मिलाता है जो शमशीरे अली अकबर को नजरों से, तो वह फिर एक का दो और दो का चार मिलता है। शुजा अब्बास ने पढ़ा... कहां बर्छी चलाता है सितमगर सोच लें इतना, अली अकबर का कब है यह तो पैगंबर का सीना है। जमाल फहमी ने फरमाया...सरे बाजार मिलता है सरे दरबार मिलता है, गुरुर-ए-जोरे बातिल खाक में हर बार मिलता है। असद अमरोहवी ने कहा.. .फक्त जो रोक दे नौ लाख का लश्कर निगाहों पर, हमें तारीख में ऐसा अलम बरदार मिलता है। इनके अलावा अशरफ फराज, शानदार अमरोहवी, फुरकान अमरोहवी, डॉ.लाडले रहबर, शहरयार इमरान, साहिल अमरोहवी, नौशा अमरोहवी, जिया काजमी, हसन इमाम नकवी, शाहनवाज तकी, अली मोजिज, सामी अमरोहवी, शादाब अमरोहवी, जैगम, शमीम आदि शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। अध्यक्षता मौलाना सफदर रजा इमामी ने तथा डॉ.लाडले रहबर ने किया। आखिर में कन्वीनर शुजा अब्बास ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# जबरन सरिया ले जाने में व्यवसायी समेत तीन फंसे

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक मण्डी धनौरा निवासी एक व्यवसायी समेत तीन आरोपितों के विरूद्ध पैसा लेने के बाद भी जबरन सरिया उठाकर ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर निवासी कोमल सिंह द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप है कि वह 04 जनवरी 2026 वह नगर के मुहल्ला अतरपुरा में एक व्यक्ति के भवन निर्माण का कार्य कर रहा था। बताते हैं कि उसके पास गजरौला निवासी इशरार अहमद नामक व्यक्ति आया और कहा कि उसके पास आया और कहा कि वह अरूण जैन निवासी मण्डी धनौरा की दुकान पर काम करता है। उसके पास बीस कुन्तल सरिया है जिसे वह बेच रहा है। उसने व भवन स्वामी ने पूछा कि सरिया चोरी का तो नहीं है तो इशरार ने मना कर दिया। इसके बाद नब्बे हजार रूपये देकर वह सरिया खरीद लिया गया है। आरोप है कि कुछ समय बाद अरूण जैन अपने मुंशी और पचास साठ लोग पहुंचे और सरिये को जबरन ट्रैक्टर ट्राली में लादकर ले जाने लगे। उन्हें रोका भी गया, सूचना पर 112 डॉयल पुलिस भी आई मगर इसके बाद वे सरिया लादकर ले गए। आरोप है कि उसने थाना पुलिस को भी शिकायत की थी मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इशरार निवासी गजरौला, अरूण जैन निवासी मण्डी धनौरा व अरूण जैन के मुंशी के विरूद्ध संबधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक की सीज

**गजरौला**। हाइवे पर बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ते समय यातायात प्रभारी ने युवक को पकड़ लिया। बुलेट को सीज करते हुए 17 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। बता दें कि लोगों की शिकायत थी कि एक युवक हाइवे पर बुलेट बाइक द्वारा पटाखा छोड़कर लोगों को परेशान करता था। इस बात की शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी। सोमवार को यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने आरक्षियों के साथ मिलकर युवक को पकड़ लिया। पुलिस की पकड में आता देखकर वह माफी मांगने लगा। यातायात पुलिस ने बुलेट बाइक को सीज करते हुए 17 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया।

# पुलिस ने दस वारंटियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में सोमवार को हसनपुर थाना पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 10 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में दबिश देकर इन अभियुक्तों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी न्यायालय में नियत तिथियों पर उपस्थित नहीं हो रहे थे। जिसके बाद इनके विरुद्ध वारंट जारी किये गये थे। पुलिस द्वारा जारी सूची के अनुसार गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों में राजू, महेन्द्र, रामपाल, चेतराम, दलपत, टींकू, पन्नालाल, नन्हे, आसिफ और आबिद शामिल हैं। ये सभी आरोपी अलग-अलग गांवों जैसे भीमाठीकरी, माकनपुर शुमाली, गंगाचोली, गनगानगर, नूरपुर खुर्द, तिगरिया नादिर शाह, मछरिया और काकाठेर के निवासी हैं। इन अभियुक्तों पर चोरी, मारपीट शस्त्र अधिनियम वन अधिनियम और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी 10 वारंटी अभियुक्तों को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# चेयरमैन ने किया मैट्रो अस्पताल का उद्घाटन




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। मैट्रो अस्पताल का एक्सटेंशन होने पर उसका फिर से उद्घाटन किया गया। अमरोहा रोड स्थित मैट्रो अस्पताल का एक्सटेंशन होने पर चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होने कहा कि कस्बे में अभी भी अच्छे अस्पतालों का आभाव है। इस अस्पताल में जनता को सस्ता व सुलभ इलाज उपलब्ध होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह इसका लाभ उठायें। अस्पताल के एमडी डा. बिलाल अहमद ने बताया कि उनके अस्पताल में कुशल डाक्टर तैनात हैं। जिनके द्वारा सभी प्रकार के रोगों का बेहतर इलाज किया जायेगा। इस मौके पर न्यूरोसर्जन डा. आमिर, डा. सिराज उददीन हाशमी, जोया नगर पंचायत के चेयरमैन जुबैर अहमद, डा. तारिक अजीम, डा. मुनिस आदिल, रेहान अशरफ, यासिर अंसारी, इकबाल खान व रूकने आलम आदि मौजूद रहे।

# गोवा में डा. वसीम अरकम को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। फैमिली हेल्थ फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं नीमा यूनानी फोरम के उपाध्यक्ष डॉ. वसीम को एवीसीना लाइफ साइंस हेल्थ केयर अवार्ड गोवा-2026 प्रदान किया गया। यह सम्मान एवीसीना के डायरेक्टर डॉ. फैज मोहम्मद काजमी द्वारा गोवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। डॉ. वसीम अकरम सैफी लंबे समय से समाज के कमजोर वर्गों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहे हैं और टीबी जैसी गंभीर बीमारी को लेकर लोगों को लगातार जागरूक करते आ रहे हैं। सम्मान मिलने पर डॉ. वसीम अकरम सैफी ने आयोजक संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें समाज सेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा।

# तृतीय डा. शकुन मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में बेनहर पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल द एरिना में जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, डा एसके अग्रवाल, रंजीत सैहमी, करिश्मा सैहमी व नीना मेहरोत्रा ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की। इसके उपरान्त टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में कम से कम किसी 1 खेल में जरूर अपनी रूचि रखनी चाहिए। खेल विद्यार्थियों के लिए सिर्फ शारीरिक विकास के लिए ही नहीं अपितु मानसिक विकास के लिए भी उपयोगी है। जीवन में प्रत्येक परिस्थिति में विजयी होने की प्रवृत्ति खेल से डवलप होती है। मुख्य अतिथि ने बेनहर पब्लिक स्कूल की सराहना करते हुये कहा कि समय-समय पर खेलों का आयोजन कर विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का जो कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनापूर्ण है। उन्होंने विद्यालय प्रबन्धक डा. परविंदर सिंह सैहमी की सराहना करते हुए कहा कि उनकी खेलों में दिलचस्पी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत का काम करेगी। इसमें जिले के विभिन्न वर्ग के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। 'स्कूल जूनियर बालक वर्ग में जगनूर सिंह ने प्रथम, अनमोल तिवारी द्वितीय व उमंग शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। 'स्कूल सीनियर बालक वर्ग में शौर्य सिंह प्रथम, संस्कार तिवारी द्वितीय व जगनूर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 'स्कूल जूनियर बालिका वर्ग में मेहर कौर ने प्रथम, मनसीरत कौर द्वितीय व अंशिका गंगवार तृतीय स्थान पर रहे। 'स्कूल सीनियर बालिका वर्ग में अर्पिता प्रथम, अंशिका द्वितीय व नंदनी जोशी तृतीय स्थान पर रहे। 'महिला वर्ग में ऋषिता भल्ला ने प्रथम, अंशिका द्वितीय व बीना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। 'अंडर 30 कैटेगरी में देवाशीष सिन्हा प्रथम, प्रांजल जोशी द्वितीय व यश आनन्द तृतीय स्थान पर रहे। 30 प्लस कैटेगरी में शैलेन्द्र कुमार चौधरी प्रथम, परजिंदर सिंह द्वितीय, नितिन अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। 40 प्लस कैटेगरी में शैलेन्द्र कुमार चौधरी प्रथम, संगम अंग. वाल द्वितीय व नितिन अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। 50 प्लस कैटेगरी में शैलेन्द्र कुमार चौधरी प्रथम, अतुल साहू द्वितीय व तरुण तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। 60 प्लस हीरा सिंह प्रथम, दयानिदान जोशी द्वितीय, अतुल साहू तृतीय स्थान पर रहे। 65 प्लस में डा. परविंदर सिंह सैहमी प्रथम, दयानिधान जोशी द्वितीय व उदय तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष युगल प्रतियोगिता में फाइनल मैच परजिंदर सिंह व राजेश प्रथम, शैलेन्द्र व संगम अग्रवाल द्वितीय व गुरसेवक सिंह व नितिन अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ी, 8 मार्च को होगी परीक्षा

**बदायूं।** श्रम प्रर्वतन अधिकारी सहायक श्रमायुक्त अमित कुमार ने समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सूचित करते हुए बताया कि श्रम विभाग के अन्तर्गत उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित "अटल आवासीय विद्यालय योजना' के अन्तर्गत शैक्षिक शत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6 एवं कक्षा 09 की प्रवेश परीक्षा की तिथि विस्तारित करते हुये 08 मार्च 2026 निर्धारित की गयी है, साथ ही प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन किये जाने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी 2026 बोर्ड द्वारा नियत की गयी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत वह सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिक पात्र होगें जो बोर्ड के अद्यतन 03 वर्ष की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके होगें एवं कोरोना काल में निराश्रित हुये बच्चे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में पात्र होगें। उपरोक्त के अनुसार आवेदक अथवा उम्मीदवार आवेदन ऑनलाइनीजजचेः//नचइवबू. पद पर एवं किसी नजदीकी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से कर सकते हैं अथवा ऑफलाइन आवेदन कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, कलेक्ट्रेट परिसर बदायूँ में भी कर सकते।

# आसफपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी सुमित ठाकुर किया भंडारा

**आसफपुर।** सुमित ठाकुर किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष है बदायूं से यह हमेशा चर्चाओं मे वने रहते है सुमित ठाकुर ने अपनी टीम के साथ बिसौली दबतोरी रोड बाई जी मंदिर पर भंडारा कर प्रिसाद वितरण किया सुमित ठाकुर ने कहा धर्म की जय हो अधर्म का नाश प्राणियो मे सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो गौमाता की रक्षा करो सभी क्षेत्र वासियो ने सुमित ठाकुर को व उनकी टीम को जम कर आशीर्वाद दिया।

# प्रदेश सरकार की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम नीति से युवाओं को मिल रहा है रोजगार

**बदायूं।** प्रदेश सरकार प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार/रोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की स्थापना से रोजगार के अवसर सृजित हुए है और युवा आत्मनिर्भर हो रहे है। प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में अधिकाधिक युवाओं विशेषकर विश्वविद्यालयों/ इंजीनियरिंग/डिग्री कॉलेजों के अन्तिम वर्ष पासआउट छात्रों को विभिन्न इनोवेटिव बिजनेस अवसरों से जोड़कर उनको स्वरोजगार से आच्छादित करने हेतु दिनांक 30 जुलाई, 2025 से 01 अगस्त, 2025 तक प्रदेश के लाभार्थियों/छात्रों/युवाओं हेतु सीएम युवा कॉनक्लेव एण्ड एक्सपो का आयोजन इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया। इस कॉनक्लेव में 150 से अधिक इनोवेटिव बिजनेस एवं फ्रेंचाइजी बॉण्ड्स/बिजनेस ऑन व्हील्स के प्रवर्तकों द्वारा अपने ब्रॉण्ड्स/उत्पादों का प्रदर्शन किया गया एवं युवाओं को उनके उत्पाद/ब्रॉण्ड से जुड़ने में फैसिलिटेट कराया गया है। इस कॉनक्लेव का विस्तार करते हुए द्वितीय चरण में सीएम युवा कॉनक्लेव एण्ड एक्सपो का आयोजन यूपीआईटीएस-2025 में ग्रेटर नोएडा में दिनांक 25 से 29 सितम्बर, 2025 के बीच प्रदेश के 04 मण्डलों मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़ एवं आगरा हेतु आयोजित कराते हुये प्रदेश के लाभार्थियों/छात्रों/युवाओं को लाभान्वित कराया गया। प्रदेश सरकार द्वारा अधिकाधिक उद्यमों की स्थापना हेतु प्रोत्साहनात्मक वातावरण का सृजन किया गया है। एम.एस.एम.ई अधिनियम 2020 के माध्यम से इकाईयों को 1000 दिनों तक किसी भी विभाग से निरीक्षण से छूट प्रदान की गयी है। निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वॉछित अनापत्ति/ लाइसेन्स/ अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया ऑनलाइन व्यवस्था की गयी है, जिससें उद्यमी समयबद्ध रूप से स्वीकृतियाँ आदि प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं एवं प्रयासों से प्रदेश में अब तक कुल लगभग 4554020 उद्यम पंजीकृत हुये है। प्रदेश में 27 जून 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने लोकभवन के ऑडिटोरियम में सी०एम० युवा मोबाइल एप एवं यूथ अड्डा का लोकार्पण तथा बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड की ओ०डी०ओ०पी० सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर मा० मुख्यमंत्री जी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत टूलकिट/ऋण वितरण / एमएसएमई लोन का वितरण किया है। उत्तर प्रदेश इन्टरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) उत्तर प्रदेश इन्टरनेशनल ट्रेड शो का तृतीय संस्करण 25 से 29 सितम्बर 2025 को आईईएमएल ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया। शो में लगभग 70 देशों के बायर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस शो के माध्यम से प्रदेश में निवेश तथा एक्सपोर्ट बढ़ाने की दिशा में सफल प्रयास किया गया है।

# विराट हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सहसवान।** डॉ. बृजेश यादव ने सनातन परिवार को दिया संस्कार और संस्कृतियों का संद. `श नगर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में सनातन संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और भावी पीढ़ी के संस्कारों पर विशेष जोर दिया गया सम्मेलन के मुख्य वक्ता डॉ. बृजेश यादव जी ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि सनातन परिवार में रामायण की सात प्रमुख चौपाइयों की गूंज अवश्य होनी चाहिए, क्योंकि यही चौपाइयां जीवन को मर्यादा, अनुशासन और संस्कार प्रदान करती हैं डॉ. बृजेश यादव ने कहा कि जिन परिवारों में बच्चों को रामायण, संस्कार और संस्कृति से जोड़ा जाता है, वहां बच्चों का भविष्य स्वत: ही उज्ज्वल होता है उन्होंने माता-पिता से आह्वान किया कि वे आधुनिकता के साथ-साथ अपने बच्चों को सनातन मूल्यों से भी जोड़े रखें सम्मेलन के दौरान संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक मोहनलाल दद्दा रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र फिरोज सैफी को गलत संगत में पड़ जाने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर लिए है। उसके द्वारा किये गये कृतियों के लिए में जिम्मेदार नहीं हूं।

रियासत पुत्र शौकत निवासी मोहल्ला तिगरिया गजरौला तहसील धनोरा जिला अमरोहा

# जलसमाधि लेने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने रोका

## हंगामे के बाद धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने की घंटों तक वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** मुकीमपुरा गांव में जलनिकासी की समस्या को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह जलसमाधि लेने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद रोक दिया। इस दौरान हंगामे के बाद धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने घंटों वार्ता की।





मुकीमपुरा गांव में दशकों पुरानी जलनिकासी की समस्या से ग्रामीण परेशान है, जिसको लेकर जिले से लेकर शासन प्रशासन के अधिका. रियों को ग्रामीणों द्वारा बार बार शिकायत की जा रही है। इसी समस्या को लेकर गांव के युवक मोहित कश्यप ने कई दिन पूर्व जल समाधि लेने की चेतावनी दी थी, जिसको देखते हुए सुबह ही तहल. ीदार बड़ौत श्वेताभ सिंह, मैप तहस. ीलदार अतुल कुमार रघुवंशी विनोद कुमार धारीवाल राजस्व कर्मियों के साथ पहुंच गए थे। स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी गांव में पहुंच गए थे। चेतावनी देने वाले युवक मोहित ने अस्वीकृत तालाब में जल समाधि लेने का प्रयास किया तो अधिका. रियों के हाथों फूल गए। पुलिसकर्मियों ने दौड़ धूप कर किसी तरह उसे जल समाधि करने से रोका। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया तथा भगत सिंह के चित्र लेकर धरना देकर बैठ गए। अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच कई घंटे नोंकझोंक के साथ वार्ता हुई। काफी समझने के बाद अधिकारी जलनिकासी की व्यवस्था कराने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों को मनाने में सफल हुए, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

# मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए एसआईआर प्रक्रिया जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नगर में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में सुभानपुर गांव में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व नगर पालिका खेकड़ा के अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने किया।

इस प्रक्रिया के तहत जिन मतदाताओं को नोटिस प्राप्त हुए हैं, उन्हें नोटिस में उल्लिखित पहचान पत्रों में से एक या दो वैध आईडी संलग्न कर अपना सत्यापन कराना अनिवार्य है। कैंप में बड़ी संख्या में मतदाताओं ने पहुंचकर SIR प्रक्रिया के अंतर्गत अपने आवेदनों का सत्यापन कराया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मतदाताओं को प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद आवेदन स्वीकार किए। अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने बताया कि नोटिस में लगभग 12 प्रकार के पहचान पत्रों का उल्लेख किया गया है। मतदाता इनमें से किसी भी एक या दो आईडी को आवेदन के साथ संलग्न कर सत्यापन करा सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखते हुए शीघ्र अपने आवेदन जमा करें। इससे मतदाता सूची में उनका नाम सुरक्षित रहेगा और भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर आदमपुर पुलिया के समीप एक बुलेट मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब कपूरगढ़ निवासी एक युवक बुढ़ाना से बड़ौत की ओर जा रहा था। बताया गया कि चलती मोटरसाइकिल की चेन में अचानक युवक की चादर फंस गई, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने पर युवक सड़क पर गिर पड़ा और मोटरसाइकिल कुछ दूरी तक घिसटती चली गई।



घटना के तुरंत बाद मौके से गुजर रहे राहग. ीरों ने तत्परता दिखाते हुए मोटरसाइकिल को रोका और घायल युवक की मदद की। समय रहते सहायता मिलने से युवक की जान बच गई। गनीमत रही कि उसे गंभीर चोटें नहीं आईं और केवल मामूली चोटें ही लगीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही युवक के परिजन भी वहां आ गए, जो उसे अपने साथ घर ले गए। दोघट थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह ने बताया कि युवक सुरक्षित है और उसके परिजन उसे घर ले गए हैं।

# समीर ने नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिलाना गांव के पहलवान समीर ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित 69वीं अंडर-14 स्कूल नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। चौ फेरू सिंह कुश्ती एकेडमी दाहा के इस पहलवान ने 35 किग्रा फ्री स्टाइल कुश्ती वर्ग में यह उपलब्धि हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया।

स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहलवान समीर का उनके गृह गांव मिलाना लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। दाहा से मिलाना गांव तक ढोल-नगाड़ों के साथ एक जुलूस निकाला गया, जहां ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। चौ फेरू सिंह कुश्ती एकेडमी के संचालक सुनील राणा ने समीर की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समीर ने स्वर्ण पदक जीतकर गांव और जनपद दोनों का नाम रोशन किया है।



## एक नजर

### किन्नरों के दो गुटों के बीच मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र में किन्नरों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में चादनी किन्नर ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

प्रार्थिनी चादनी किन्नर ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ दोपहर करीब 11 बजे छपरौली में नेग लेने आई थीं। दोपहर लगभग 2-3 बजे के बीच, जब वे घर लौटने के लिए एक ठेके के पास खड़ी थीं, तभी गाड़ियों में सवार होकर आए कुछ किन्नरों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गईं। चादनी किन्नर का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी कई बार उन पर हमला कर चुके हैं और जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। किसी तरह जान बचाकर वे छपरौली थाने पहुंचीं और मामले की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि तहरीर के आधार पर सरफराज, रुस्तम, फुरकान और इरशाद नामक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आवारा कुत्तों ने एक नीलगाय पर हमला कर किया गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर आवारा कुत्तों के हमले में एक नीलगाय गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क किनारे पड़ी घायल नीलगाय की जान स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बचाई।

यह घटना हाईवे पर उस समय हुई जब कुछ आवारा कुत्ते जंगल क्षेत्र से नीलगाय का पीछा करते हुए सड़क पर आ गए। कुत्तों ने नीलगाय पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। घटना देखकर स्थानीय निवासी लोकेश, संकित, अक्षीत, शिवा, हर्ष, नितिन और शाकिर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने लाठी-डंडों की मदद से आवारा कुत्तों को भगाया, जिससे नीलगाय को और अधिक चोट लगने से बचाया जा सका। इसके बाद, डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। घायल नीलगाय के उपचार की व्यवस्था की जा रही है और वन विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस मौके पर भेजी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते कुत्तों को नहीं भगाया जाता तो नीलगाय की जान जा सकती थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय निवा. सियों ने प्रशासन से इस समस्या पर ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### नगर निकाय की टीमें 24 घंटे सक्रिय रहकर स्वच्छता की करेंगी निगरानी

**टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव मंदिर पर आयोजित होने वाला फाल्गुन मास महाशिवरात्रि का ऐतिहासिक कांवड़ मेला ज़ीरो वेस्ट महोत्सव के रूप में नई पहचान गढ़ने जा रहा है। आस्था, सेवा और पर्यावरण संरक्षण के त्रिवेणी संगम के रूप में इस मेले को विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने समग्र और दूरदर्शी कार्ययोजना तैयार की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में मेला क्षेत्र और समस्त कांवड़ मार्गों को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प लिया गया है। एकल-उपयोग प्लास्टिक पर सख्त प्रतिबंध रहेगा तथा श्रद्धालुओं को प्राकृतिक, कपड़े और कागज़ आधारित विकल्पों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। मेला परिसर एवं कांवड़ मार्गों पर गीले और सूखे कचरे के पृथक संग्रह हेतु रंग-कोडित डस्टबिन लगाए जाएंगे और नगर निकाय की टीमें 24 घंटे सक्रिय रहकर स्वच्छता की निगरानी करेंगी। विशेष बात यह है कि कांवड़ मेले से निकलने वाले समस्त कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस कर उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित किया जाएगा। फूल-पत्तियों, पूजन सामग्री एवं जैविक अपशिष्ट से खाद एवं कंपोस्ट तैयार की जाएगी, जबकि सूखे कचरे को छंटाई के उपरांत रिसाइक्लिंग यूनिट तक भेजा जाएगा, जिससे कचरा बोझ नहीं बल्कि संसाधन के रूप में परिवर्तित हो सके। श्रद्धालुओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान शिव प्रकृति के अधिपति हैं और उनकी आराधना का यह पर्व तभी पूर्ण होगा जब श्र)ा के साथ प्रकृति की रक्षा भी सुनिश्चित की जाए।

यह कांवड़ मेला न केवल धार्मिक आस्था और अनुशासन का प्रतीक बनेगा, बल्कि यह संदेश भी देगा कि स्वच्छता, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण आस्था के अभिन्न अंग हैं। जनपद बागपत का यह ज़ीरो वेस्ट कांवड़ मेला प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला अवधि 14 से 16 फरवरी 2026 के दौरान मंदिर परिसर में कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यदायी एजेंसी को समस्त निर्माण सामग्री हटाने तथा निर्माण क्षेत्राको ग्रीन नेट से कवर करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं का प्रवेश पूर्वी द्वार से तथा निकास पश्चिमी द्वार से सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि भीड़ प्रबंधन सुचारू रूप से किया जा सके।

# जिलाधिकारी ने महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की तैयारियों का लिया जायजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुन मास की महा. शिवरात्रि के अवसर पर श्री परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाला प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मेला इस वर्ष 14 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय मेले को सकुशल, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं झंडारोहण 15 फरवरी 2026 को शाम 5:02 बजे होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा, मेला व्यवस्थाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, प्रकाश और यातायात से जुड़ी तैयारियों का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अधिक. ारियों को स्पष्ट व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुरा महादेव मंदिर न केवल जनपद बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी प्राचीनता, धार्मिक मान्यता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िया हरिद्वार सहित विभिन्न तीर्थस्थलों से पैदल पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

# चोरी की घटना का नहीं हुआ आज तक खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौस गांव में गुरुवार देर रात यमुना नदी किनारे स्थित राधा कृष्ण मंदिर का ताला तोड़कर अंदर रखा दान पात्र चोरी हो गया था जिसमें लाखों रुपए बताए गए थे इसको लेकर ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में धरना भी दिया था। दान पत्र कोअज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने मंदिर पुजारी लोकेश शर्मा की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जागौस गांव के राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी लोकेश शर्मा ने बताया कि वह 29 जनवरी की शाम को पूजा पाठ करने के बाद मंदिर परिसर का ताला लगाकर पास बने अपने कमरे में चला गया। 30 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे वह पूजा पाठ करने के लिए मंदिर द्वार पर पहुंचा तो ताला टुटा पड़ा मिला। और मंदिर के अंदर रखा दान पात्र गायब मिला, जिसमें ग्रामीणों द्वारा शुभ अवसरों पर कई हजार रुपए का दान रखा हुआ था। उसके बाद सूचना मिलने पर आसपास के काफी लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। पुजारी लोकेश शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी कई बार मंदिर में चोरी की घटनाएं हो चुकी है, जिनका आज तक कोई खुलासा नहीं हुआ। मंदिर में दान पात्र चोरी होने की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है, जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बैठकर धरना दिया था और पुलिस से घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की थी। इंस्पेक्टर आशीष पुंडीर ने बताया कि मंदिर पुजारी लोकेश शर्मा की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्दी मामले की जांच कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# चोरों ने की मंदिर के दानपात्र से लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बामनौली गांव में बाबा शेषनाग मंदिर में चोरों ने सेंध लगाई। यहां से दानपात्र का ताला तोड़कर लगभग 5 हजार रुपये की नकदी चुरा ली गई। शेषनाग मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई। फुटेज के अनुसार चोर करीब 45 मिनट तक मंदिर में मौजूद रहे।

शुक्रवार को रात 8 बजकर 56 मिनट पर दो चोरों पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित बाबा शेषनाग मंदिर में घुसे। वहां उस समय कोई मौजूद नहीं था। इसका फायदा उठाकर चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़ना शुरू किया। इसका एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। चोर मंदिर में करीब 45 मिनट तक रहे। उन्होंने दानपात्र का ताला तोड़ा और उसमें मौजूद 5 हजार रुपए चुरा लिए। अगले दिन शनिवार को बाबा शेषनाग मंदिर में रामगढ निवासी अरुण कुमार पूजा करने मंदिर पहुंचे। मंदिर का दरवाजा खोलते ही उनके होश उड़ गए। मंदिर में दानपात्र का ताला टूटा हुआ था और दानपात्र से पैसे गायब थे। उन्होंने तुरंत इस बात की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने पुलिस को इस चोरी की घटना के बारे में सूचित किया। इस मामले में थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को हनुमान शिव मंदिर और बाबा काली सिंह मंदिर में भी चोरी की घटना हुई थी। बाबा काली सिंह मंदिर से करीब 1 हजार रुपये और हनुमान शिव मंदिर से लगभग 20 हजार रुपये की नकदी चोरी हुई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने थाने में शिकायत दर्ज करा दी है।



# स्वाध्याय करने से बढ़ता है ज्ञान: विमर्श सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज की धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि अध्ययन का अर्थ पठन जबकि स्वाध्याय का अर्थ आचरण है। बुद्धि को विकसित करने के लिये,शुभ अध्यवसाय के लिये, उत्कृष्ट संवेग के लिये, तपश्चरण की वृद्धि के लिये, स्वयं के दोषों को दर करने के लिए शास्त्र का स्वाध्याय करना चाहिये। अगर शास्त्र का अध्ययन करने के उपरान्ताचरण में बात नहीं आती, तो इसका स्वाध्याय बंजर भूमि में बीज डालने के समान निरर्थक है। अध्ययन करने का अर्थ मात्र पढ़ना है और स्वाध्याय करने का अर्थ आपने आचरण में उतारना है। स्वाध्याय करने वाला ज्ञान को नहीं, प्रज्ञा का जन्म देता है। उन्होंने कहाँ अध्ययन करने के उपरान्त उपदेश देने का अधिकारी वही होता है, जो पढ़कर अपने से ज्यादा ज्ञानी से पूछता है फिर चिन्तन करता है और शास्त्रानुसार धर्म का उपदेश देता है। बिना आचरण के व्यक्ति धर्मोपदेश देने का अधिकारी नहीं होता आचार्य श्री ने कहा कि शास्त्रों को कंठस्थ करने से परमात्मा नहीं मिलता, हृदयस्थ करने से परमात्मा की प्राप्ति होती है। शास्त्राभ्यास करने वाले व्यसन रहित होते हैं एवं सन्त भगवन्त के पूज़ारी होते हैं वे अहंक. ार विहीन होते हैं और आचरणवान के प्रति समर्पित होते हैं। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, जितेंद्र, विनोद जैन, वरदान जैन, मदन लाल जैन, विकास, संजीव, नवीन, अनिल, संजय, आदि उपस्थित थे।



# बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई जाएगी बाबा शाहमल की 229वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिजरोल गांव में 8 फरवरी को 1857 की क्रांतिकारी शहीद बाबा शाहमल जन्मस्थली पर 229 जन्म जयंती समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसमें रविवार को 1 बजे दोपहर में हवन पूजन होगा यह कार्यक्रम बिजरोल गांव के शाहमल स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित होगा।

यह जानकारी मीडिया को देते हुए शहीद बाबा शाहमल के वंशज पूर्व फौजी रमेश ने समस्त इज्जत परिवार की तरफ से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्रांतिकारी बिजरोल निवासी बाबा शाहमल स्मारक पर यह जयंती हर्ष वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग दूर दराज से आकर भाग लेते हैं इसी दिन इस कार्यक्रम में सभी समाज के लोगों को भी सम्मानित किया जाता है। बाबा शाहमल जन्मस्थली पर देश भर के लोग इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बिजरोल गांव में आते हैं। बाबा शाहमल परिवार किसान परिवार है।

उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे। इसी को मध्य नजर रखते हुए उनकी जन्मस्थली पर यह कार्यक्रम हर वर्ष मनाया जाता है। आज पूर्व कमांडो रमेश फौजी अपने प्रतिष्ठान पर मीडिया के सामने यह जानकारी देते हुए मीडिया के सामने चर्चा कर रहे थे।

# रटौल क्षेत्र के पिछड़ेपन की समीक्षा पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** डगरपुर गांव में रटौल क्षैत्र के पिछड़ेपन को लेकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

डगरपुर गांव में राष्ट्रीय देहात मोर्चा ने रटौल क्षेत्र के पिछड़ेपन की समीक्षा विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने देश की आजादी में देहाती लोगों के विशेष योगदान के बावजूद आजादी के बाद देश गरीब एवं अमीर दो वर्गों में बट गया, जिससे देहाती देशभक्त कौम के अधिकारों का हनन हो रहा है। लेकिन अंग्रेजों की गुलामी करने वाला वर्ग देहाती लोगों के अधिक. ारों पर काबिज हो गया।



विचार गोष्ठी को मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव प्रिंसिपल मन्तराम नागर ने कहा कि देश की आजादी में रटौल क्षेत्र का विशेष योगदान रहा, लेकिन सत्तासीन सरकारों कि गलत नीतियों के कारण यह क्षेत्र विकास में बहुत पीछे रह गया।

यह इस क्षेत्र के देहाती लोगों के लिए बहुत खेद एवं चिंता की बात है कि देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देहाती लोग शिक्षा चिकित्सा एवं परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है तो वहीं किसानों के फसल एवं पशुपालन का लाभकारी मूल्य को लेने के लिए सभी संसाधनों से परिपूर्ण मंडी की व्यवस्था नहीं है और प्रशासनिक व्यवस्था भी दुर्लभ है। नागर ने कहा कि देश में पंचायती राज कानून लागू होने के बावजूद भी पंचायत को प्रशासनिक अधिकारों से वंचित रखते हुए उनको 5 किलो राशन एवं खड़ंजा आदि पर निर्भर है, लेकिन देहात में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि हवा पानी सभी जहरीले हो गए है, विचार गोष्ठी का संचालन बागपत देहात शिक्षक मोर्चा जिला संयोजक वेदप्रकाश बैसला भेड़ापुर ने तथा अध्यक्षता दारोगा नवल सिंह बैंसला ने की। विचार गोष्ठी को प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सिंह निरोजपुर, गुर्जर मोर्चा के प्रदेश संचालन समिति सदस्य एड. मुनीराम कसाना गढ़ी कलंजरी, गाजियाबाद जिला सचिव ओमवीर गुर्जर, लोनी नगर संयोजक बबलू कसाना मोरटा, आजाद सैनी, इंद्रपाल घिटोरा, राजेंद्र सिंह अलीग. ंज दिल्ली,मनिंदर पंवार बली, सौरभ बैंसला एवं बीबलराज सिंह ने संबोधित किया तथा प्रबंधक शैलेंद्र कुमार जयप्रकाश पहलवान ऋषिराज बाबू आजाद सिंह सचिन ऋषिपाल कपिल ज्ञानी एवं सोनू प्रधान सहित क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सपा नेता के शोरूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## कई लाख का फोम और फर्नीचर जलकर हुआ राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शॉर्ट सर्किट से लगी आग में फोम और फर्नीचर का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बरेली पीलीभीत हाईवे पर स्थित ग्राम गरगईया में सपा नेता मोहम्मद यूनुस उर्फ डब्लू अंसारी का मकान है, जहां वह एम एच फोम व फर्नीचर का शोरूम चलाते हैं। पीड़ित के मुताबिक वह रविवार की शाम को शोरूम बंद कर घर चले गए थे, रात में अचानक मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने पर उठे धुएं को देखकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। जिसकी सूचना शोरूम मालिक को दी, जिस पर वह वहां पहुंचे और गांव के नजदीकी फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक शोरूम में रखा फोम, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। फायर स्टेशन के प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है।

वहीं एम एच फोम के संचालक सपा नेता मोहम्मद यूनुस उर्फ डब्लू ने बताया कि सुबह 10 बजे अचानक आग लग गई जिससे शोरूम में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। शोरूम में ही खडी कार व पिकअप भी आग के चपेट में आ गई इस घटना में मुझे कई लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# बीज और फसलों के मिलें सही दाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** केंद्रीय बजट को किसान और किसान संगठनों ने निराशा. जनक बताया है। उनका कहना कि बजट में स्वास्थ्य और कुछ टेक्नोलॉजी पर फोकस ठीक है, लेकिन खेती.किसानी के मुद्दों को पूरी तरह नजरंदाज किया गया है। एआई टूल और डिजिटल सलाह की घोषणाओं को लेकर कहा कि उन्हें एआई का मतलब तक ठीक से नहीं पता।

किसान बोले हम तो मौसम विभाग की सूचना और अपने अनुभव से खेती करते आए हैं, एआई टूल क्या है, कैसे काम करेगा, गांव में कौन समझाएगा ये भी स्पष्ट करना चाहिए। महंगे कृषि उपकरणों पर भारी टैक्स, फसल बीमा और एमएसपी पर कोई ठोस प्रावधान न होना और कर्ज माफी की अनदेखी ने निराशा और बढ़ा दी है। बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने का प्रावधान तक नहीं किया गया। जबकि किसानों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं। किसान नेताओं ने इस बजट को ''आंकड़ों और घोषणाओं का बजट' ' करार दिया और साफ तौर पर कहा कि देश के मेहनतकश अन्नदाताओं और ग्रामीणों की अपेक्षाओं को नजर. अंदाज करना विकास की गति को कमजोर करेगा। प्रगतिशील किसान विजय चौहान ने बताया कि बजट में खेती और किसानों की बुनियादी जरूरतों जैसे खाद, बीज और कृषि उपकरणों पर कोई राहत नहीं दी गई। महंगी मशीनरी और बढ़ती लागत किसानों की जेब पर भारी पड़ रही है। फसल बीमा और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कोई ठोस घोषणा न होना किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरना है । सरकार को चाहिए कि वह अन्नदाता और ग्रामीणों को केंद्र में रखकर बजट में वास्तविक राहत और समर्थन की व्यवस्था करें। भाकियू (अराजनैतिक) मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने बताया कि कृषि क्षेत्र में बजट पूरी तरह आंकड़ों और घोषणाओं तक सिमट गया है। एआई और डिजिटल टूल की बातें अच्छी हैं, लेकिन हम जमीन पर खेती करते हैं। खाद और बीज की सही कीमत, कर्ज माफी और एमएसपी पर गारंटी किसानों के लिए जरूरी थी। आम किसान इन घोषणाओं से लाभ नहीं उठा पाएगा। सरकार को बजट में गांव और मेहनतकश किसान को प्राथमिकता देनी चाहिए। किसान नेता उपदेश सिंह बजट में खेती-किसानी के लिए कोई ठोस कदम नहीं दिखा। यह बजट जमीनी सच्चाइयों से दूर, आंकड़ों और घोषणाओं का बजट है, जिसमें देश के अन्नदाता और मेहनतकश वर्ग की अपेक्षाओं की अनदेखी की गई है। सरकार को चाहिए कि वह किसान, मजदूर और ग्रामीण भारत को केंद्र में रखकर अपनी नीतियों और बजटीय प्रावधानों पर पुनर्विचार करे। किसान जागन लाल मौर्य ने बताया कि हमारे लिए बजट निराशाजनक रहा। महंगी खेती, बढ़ते खर्च और महंगे बीज-खाद ने पहले ही परेशान किया था। एआई टूल और डिजिटल सलाह हमारे लिए समझ से बाहर हैं। अगर सरकार खाद और बीज सस्ते करे, कर्ज माफ करे और एमएसपी की गारंटी दे, तो हम राहत महसूस कर पाएंगे।

## एक नजर

### नाबालिग पर ब्लेड से हमला आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव गुगई में रविवार को गाली-गलौच का विरोध करना एक नाबालिग को भारी पड़ गया। तस्लीम जहां पत्नी रिजवान का नाबालिग पुत्र सुहान गांव के मुख्तर की गालियों का विरोध कर बैठा। आरोप है कि इसी बात से नाराज मुख्तर ने ब्लेड से सुहान की गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीण जुट गए, तभी आरोपी फरार हो गया। घायल किशोर की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है।

### उपले पाथते समय युवती को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गुगई गांव में सोमवार को उपले पाथते समय एक युवती को सांप ने डस लिया। गांव निवासी शीतल देवी पत्नी छोटे लाल घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर उपले बना रही थीं, तभी अचानक सांप ने उनकी उंगली में डस लिया और हाथ में लिपट गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सांप को हाथ से अलग कर मार दिया।

घटना के बाद परिजन शीतल देवी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### एक वर्ष में दूसरी बार विद्यालय में चोरी, हजारों का सामान साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव मंडनपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय एक बार फिर चोरों का निशाना बन गया। बीते एक वर्ष के भीतर विद्यालय में चोरी की यह दूसरी घटना है।जानकारी के अनुसार 9 जुलाई 2025 को अज्ञात चोरों ने विद्यालय के रसोईघर का ताला काटकर मिड-डे मील से संबंधित सामग्री चोरी कर ली। चोर गैस सिलेंडर रेगुलेटर सहित, 50-50 किलो गेहूं व चावल, 25 किलो दाल, 5 लीटर सरसों का तेल, पांच थालियां तथा गैस चूल्हे के स्टैंड उठा ले गए। मामले की सूचना मीरगंज थाने को देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।इसी रविवार की रात्रि चोरों ने विद्यालय के एक अन्य कमरे की खिड़की काटकर अलमारी का सेंट्रल ताला तोड़ दिया। वहां से स्पीकर, चार्जर, खेल किट एवं विज्ञान किट की सामग्री चोरी कर ली गई।

### चार्टर्ड अकाउंटेंटस ने बजट को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** केंद्रीय बजट 2026-27 की चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सराहना की और कहा कि यह बजट कर सुधार, निवेश प्रोत्साहन और दीर्घकालिक आर्थिक विकास पर केंद्रित रहा है।

बजट में छोटे कारोबारियों को मिली टीडीएस छूट, अपील के प्री डिपॉजिट टैक्स में राहत, विदेश में पढ़ाई को जाने वाले बच्चों की फीस जमा करने पर फॉरेन एक्सचेंज के टैक्स (टीसीएस) को पांच प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत करने को अच्छा कदम बताया। कर अधिवक्ता रमेश पांडेय ने बताया कि बजट में टीडीएस और टीसीएस नियमों में बदलाव करके कर प्रणाली को सरल बनाने का प्रयास किया गया है, जिससे करदाता आसानी से अनुपालन कर सकें। कैपिटल गेन टैक्स में बेस एक्सेप्शन राशि को सवा लाख से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने की संभावना थी, जो पूरी तरह लागू नहीं हुई। यह बजट दीर्घकालिक आर्थिक संतुलन और कर अनुपालन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, जिससे करदाताओं और अर्थव्यवस्था दोनों को लाभ मिलेगा। मंडलाध्यक्ष रोटरी मंडल सीए राजेन विद्यार्थी ने बताया कि यह बजट विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करेगा।

सीए पवन अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के लिए कोई बड़ा ऐलान नजर नहीं आया। अधिकांश धन निवेश उत्तर-पूर्वी राज्यों और बिहार की तरफ जाता दिख रहा है। इनकम टैक्स के कई प्रावधानों में पेनल्टी की जगह फीस की व्यवस्था की गई है। ऐसा लगता है कि सरकार का मुख्य फोकस ज्यादा से ज्यादा राजस्व एकत्रित करना है, जबकि बड़े राज्यों की विकास जरूरतों पर अपेक्षित ध्यान कम दिखाई देता है। सीए अमित टंडन के मुताबिक बजट में सरकार ने विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन साधने का प्रयास किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल इंडिया, तकनीक, शिक्षा और कौशल विकास में निवेश से दक्षता बढ़ेगी और युवा तैयार होंगे। कुल मिलाकर यह बजट स्थिरता, विकास और समावेशी अर्थव्यवस्था की दिशा में संतुलित कदम लगता है। पूर्व अध्यक्ष आईसीएआई सीए मनोज मंगल ने बताया कि बजट आम जनता के लिए निराशाजनक रहा। आयकर के प्रावधानों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं किए गए हैं। बेसिक टैक्स छूट और वेतनभोगी वर्ग के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन में कोई वृद्धि नहीं हुई। शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर 20 प्रतिशत से कम करने की उम्मीद भी पूरी नहीं हुई। कैपिटल गेन एक्सेम्प्शन बढ़ाने की मांग भी अनसुनी रह गई।

इनकम टैक्स बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सीए अरविंद सिंह ने कहा कि बजट में सीधे कर प्रावधानों में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, जो करदाताओं के लिए सरलता और राहत लेकर आए हैं। टीसीएस और टीडीएस में छूट, विदेशी यात्रा और शिक्षा पर कर बोझ कम करना, संपत्ति लेन-देन में प्रक्रियात्मक सरलता, मध्यम वर्ग के लिए राहत के रूप में सामने आए हैं। बजट करदाताओं और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के लिए सकारात्मक संदेश देता है।

### अमीरों की नौ साल में हुई 12.3 लाख करोड़ कर्ज माफीः सपा सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आंवला के सांसद नीरज मौर्य ने लोकसभा में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से बीते नौ वर्षों में 12.3 लाख करोड़ रुपये के ऋण बट्टे खाते में डालने के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि जब किसान, छोटे व्यापारी, छात्र और आम नागरिक छोटे-छोटे कर्ज के लिए बैंकों के चक्कर काटते हैं, तब बड़े कॉरपोरेट और अमीर कर्जदारों को इतनी भारी राहत क्यों दी जा रही है।

सांसद के सवाल पर वित्त मंत्रालय की ओर से राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जवाब भेजा कि सिर्फ वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में ही 35,096 करोड़ रुपये का कर्ज बट्टे खाते में डाला गया। सरकार ने इसे तकनीकी और लेखांकन प्रक्रिया बताया। इस पर सांसद ने कहा कि यह नीति मध्यम वर्ग, किसानों और करदाताओं के साथ अन्याय है। इसी क्रम में सांसद नीरज मौर्य ने शेल कंपनियों को लेकर भी सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

उन्होंने पूछा कि क्या कंपनी अधिनियम, 2013 में शेल कंपनियों की कोई स्पष्ट परिभाषा है। सरकार के उत्तर से चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि शेल कंपनी की कोई वैधानिक परिभाषा मौजूद नहीं है, न ही ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। परिभाषा के अभाव में सरकार इनके आंकड़े तक अलग से नहीं रख पाती। बीते पांच वर्षों में बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर में 250 निष्क्रिय कंपनियां हटाई गईं, जिनमें सर्वाधिक 195 बरेली में थीं। अवैध ऑनलाइन लोन ऐप्स से जुड़ी 87 संस्थाओं को ब्लॉक करने की बात सरकार ने कही।

सांसद का कहना है कि बिना कड़े दंडात्मक कानून और स्पष्ट परिभाषा के भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक संभव नहीं है।

# स्कूल व घरों में हुई चोरी का खुलासा, दो आरोपी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना पुलिस ने गश्त के दौरान प्रेमपुर पुलिया के पास से दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक बोरे में रखे करीब 40 बर्तन बरामद किए।

पुलिस की सख्त पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बीते 10 दिसंबर को तीन घरों में चोरी करने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि बरामद बर्तन उन्हीं चोरी की घटनाओं से संबंधित हैं। इसके अलावा आरोपियों ने 23 नवंबर को गांव बढ़ेपुरा स्थित एक स्कूल में ताले तोड़कर की गई चोरी की घटना भी कबूल की।

गिरफ्तार युवकों की पहचान मो. हनलाल निवासी तुरसा पट्टी और रोहित निवासी फिरोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह के साथ दिनेश कुमार, माजिद अली, अंकित कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# कार में बिठाए जाने को लेकर किन्नरों से हुई जमकर मारपीट, तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील में बैठने वाले कथित वकील की कार में किन्नरों को बिठाए जाने को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इतना ही नहीं कथित वकील की कार भी टूट गई। घटना की तहरीर सोमवार पुलिस को दी गई है।

तहसील में क्षेत्र के गांव फाजिलपुर का एक युवक वकीलों के साथ बैठता है। बताया जाता है कि रविवार की शाम कथित वकील अपनी कार से गांव जा रहे थे कि गांव के रेलवे फाटक पर दो किन्नर कार में बैठ गए, चलती कार में ही दोनों के बीच कहासुनी हो गई, किन्नरों के विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें कथित वकील घायल हो गया और उसकी कार भी तोड़ दी गई। इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। घटना की तहरीर सोमवार को कथित वकील द्वारा पुलिस को दी गई जिस पर उन्होंने आरोपी किन्नरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। इस मामले में पुलिस आरोपी किन्नरों को भी कोतवाली पकड़ लाई , जिस पर किन्नरों ने कथित वकील द्वारा अपने साथ अभद्रता करने का आरोप जड़ डाला। काफी देर तक दोनों खेमों द्वारा एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोपों का दौर चलता रहा और फिर दोनों के बीच समझौता हो गया।

इस मामले में एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने बताया कि शिकायत कर्ता वकील नहीं है उसका संगठन में भी कोई रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, वह अधिवक्ता होने का गलत प्रचार कर अधिकारियों को गुमराह करता है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह इस मामले में आला अधिकारियों को सूचित करेंगे।

# आज होने वाला आंदोलन स्थगित, पांच को तहसील में लगेगी क्लास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भदपुरा ब्लॉक के गांव जादौपुर के 6 माह से बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय को खुलवाए जाने की मांग को लेकर पिछले एक माह से संघर्ष कर रही सामाजिक संस्था पैनी नजर द्वारा आज किया जाने वाला धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। अव 5 फरवरी को ग्राम के छात्रों की कक्षाएं तहसील परिसर में लगाई जाएंगी।

मालूम हो ब्लॉक भदपुरा के गांव जादौपुर का प्राथमिक विद्यालय पिछले 6 माह से बन्द पड़ा है। इस विद्यालय को दूसरे गांव में समायोजित कर दिया गया था, जव से स्कूल दूसरे ग्राम के विद्यालय में समायोजित किया गया है तव से विद्यालय बन्द पड़ा है। साथ ही ग्राम के छात्र दूसरे ग्राम के विद्यालय में जाने के बजाए घर पर ही पढ़ाई कर रहे हैं। बताया जाता है कि दूसरे ग्राम के विद्यालय को जाने पर बीच में नदी भी पड़ती है। पिछले 6 माह से बन्द पड़े इस विद्यालय को खुलवाए जाने की मांग को लेकर एक माह से सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्षा एड सुनीता गंग. वार द्वारा संघर्ष किया जा रहा है लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसको लेकर आज 2 फरवरी को पैनी नजर संस्था ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर छात्रों की कक्षाएं लगाए जाने का ऐलान किया था। जिसे स्थगित कर दिया गया है अव यह प्रदर्शन 5 फरवरी में किया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 5 फरवरी को ग्राम के छात्रों की कक्षाएं तहसील परिसर में लगाई जाएगी। उन्होंने ग्राम के अभिभावकों से 5 फरवरी को तहसील पहुंचने की अपील की है। इस मामले को लेकर संस्था की अध्यक्ष एड सुनीता गंग. वार ने एस डी एम उदित पवार को एक पत्र भी सौंपा है।

# विधायक निधि से बने रोड का विधायक अताउर्रहमान ने किया उद्घाटन

■ रविदास जयंती पर कार्यक्रम का हुआ भी आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** प्रदेश महासचिव एवं बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान ने ग्राम राठ में विधायक निधि से बनाये गये सी सी रोड का उदघाटन किया। इस अवसर पर गुलाब सिंह सागर की अध्यक्षता में संत शिरोमणि रविदास की जयंती का अयोजन भी हुआ जिसमें विधायक अता उर रहमान ने कहा कि गुरु शिरोमणि संत रविदास ने अपने विचारों और कार्यों से समाज में व्याप्त भेद भाव और सामाजिक विद्वेष को मिटाने का संदेश दिया उनकी वाणी ने प्रेम समानता और मानवता का दीप जलाया। सद्भाव समानता और समरसता पर आधारित उनकी शिक्षाएं हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी।

बहेड़ी विधायक अताउर रहमान ने कहा कि समा. जवाद की धरोहर डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर ने भी जीवन भर इन्हीं सिद्धांतों की जोत जगाई लेकिन दुर्भाग्य से आज की सरकारों में इन सिद्धांतों की जान पर बन आई है। वर्तमान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दलित महापुरुषों के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पी डी ए के माध्यम से संविधान की रक्षा और दलित पिछड़ों आदिवासियों के हक अधिकारों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी, महात्मा ज्योतिबा फुले, और संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के जीवन और उनके सिद्धांतों पर विस्तार से बताते हुए संविधान को बचाने के लिये अखिलेश यादव का साथ देकर समा. जवादी पार्टी को जिताने और बहेड़ी विधानसभा से अता उर रहमान को एक बार फिर भारी बहुमत से विजय बनाने का आह्वान किया।

इस मौके पर हाजी वफा उर रहमान, विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां, महानगर उपाध्यक्ष खालिद बाबू, जिला पंचायत सदस्य डॉ, ब्रह्मस्वरूप सागर, राज. `श सागर, हरीश सागर, हर स्वरूप मौर्य, सिद्धार्थ शर्मा, राजू मौर्य, प्रेमपाल बाल्मीकि, हरपाल बाल्मीकि, राजपाल वाल्मीकि, अमर सिंह सागर, घासीराम सागर, जीत सिंह सागर, चौधरी महिपाल सिंह, रामप्रसाद सागर, दयाराम सागर, बेचेलाल सागर, राम सहाय सागर, ओम प्रकाश सागर, मोहन सिंह सागर, ज्वाला प्रसाद सागर, भूप सिंह सागर, राहुल सागर, नेमचंद्र सागर, इंद्रपाल सागर, पप्पू सागर, अर्जुन सागर, धर्मपाल सागर, वीरपाल सागर, सत्यवीर सागर, नितिन सागर, मनोज सागर, वीर सिंह सागर, सोमपाल सागर प्रधान जी, छोटेलाल श्रीवास्तव, राम अवतार श्रीवास्तव, नरेश दिवाकर, तोताराम दिवाकर, सुरेश दिवाकर, रूपचंद दिवाकर, बाबूराम सक्सेना, दुर्गा प्रसाद, रामप्रसाद, हाशिम अली आदि मौजूद थे।

# भाई की पत्नी पर जानलेवा हमला कराने व धमकी भरे मैसेज भेजने का आरोप

■ पुलिस ने युवती सहित पिता व भाई पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक ने अपने छोटे भाई की पत्नी पर उसे झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया है। भाई की पत्नी ने न्यायलय के बाहर अपने घर वालों से उसकी पिटाई भी करवा दी। अब युवती उसे व्हाट्स एप्प पर गन्दी गन्दी गालियां लिखें मैसेज भेज रही है और जज के सामने ही उसकी गर्दन काटने की धमकी दे रही है। इस मामले में पुलिस ने युवक की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम जोखनपुर निवासी कुंवर जमशेद आलम पुत्र कुंवर जलीस आलम के कहना है कि उसके छोटे भाई कुंवर दानेद आलम की शादी जमशीदा बी पुत्री महबूव अहमद निवासी ग्राम गिरधरपुर थाना देवरनियां तहसील बहेडी के साथ दिनांक 17.06. 2018 को मुस्लिम रीति रिवाज से सम्पन्न हुई थी। शादी की बाद से ही जमशीदा का व्यवहार उसके भाई के प्रति काफी खराब हो गया। वह अपने पति कोगालियां देती थी और उसका कहना भी नही मानती थी। थी। दिनांक 20.07.2021 को उसके भाई दानेद ने अपनी पत्नी जमशीदा को मोबाईल से किसी व्यक्ति से बात करते हुए पकड़ लिया जिसपर जमशीदा ने मोबाईल सिम दांतो से चबा लिया। इसके बाद उसके भाई और भाई की पत्नी के बीच काफी कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद जमशीदा घर का सोना, चांदी व नकदी 25,000 रूपये व कीमती कपडे लेकर बिना किसी को कुछ बताये अपने मायके चली गयी और काफी बुलाने पर भी वापस नहीं आयी। इसके बाद उसके भाई दानेद आलम ने थाना बहेड़ी में पत्नी, जेवर व नकदी वापस कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया परन्तु वह वापस नहीं आयी।

वह और उसका भाई एक दूसरे से अलग रहते हैं और उनका काम भी अलग है। उसके भाई दानेद की पत्नी ने उसपर वेवजह दबाव बनाने के लिये थाना बहेड़ी में धारा 376, 506 आईपीसी का थाना बहेड़ी में मुकदमा लिखवा दिया तथा भरण पोषण धारा 125 का पारिवारिक न्यायालय बरेली व घरेलू हिंसा व धारा 12, 18, 19, 20, 21, 22, 27 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बहेड़ी जिला बरेली तथा धारा 4980, 506 आईपीसी थाना देवर. नियां में मुकदमें लिखवा दिये हैं जिनमे उसको अभियुक्त बनाया गया है। वह 376 आईपीसी वाले मुकदमे में जेल भी काट चुका है। दिनांक 01.01.2026 को जब वह जेएम बहेड़ी के न्यायालय में तारीख पर आया था तब समय करीब 1:26 दोपहर जैसे ही वह न्यायालय से बाहर निकला तभी जमशीदा के कहने पर जमशीदा के पिता महबूब, भाई वसीम, जमशीदा पुत्री महबूब उसे जान से मारने के लिए पकड़ने दौडे जिसपर उसने भाग कर अपनी जान बचाई। वहां मौजूद अधिवक्तागण के लताड़ने पर वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। दिनांक 17.01.2026 को जमशीदा ने व्हाट्स एप्प पर भद्दी-भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी भरे मैसेज भेजे तथा जज साहब के सामने अपने हाथों से उसकी गर्दन काटने की धमकी लिखी तथा जान से मारने की धमकी लिखी। युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जमशीदा बी, वसीम व महबूब अहमद निवासीगण ग्राम गिरधरपुर थाना देवरनिया के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# धान की बोरियों से दबकर दो मजदूरों की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बोरियां निकालते समय दो मजदूर बोरियो से दब गए जिनकी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों की तरफ से राइस मिल मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक खिरनी के रहने वाले पप्पू पुत्र बाबूराम का कहना है कि उसका भाई सर्वेश पुत्र बाबू राम और पड़ोस का रहने वाला विनोद कुमार पुत्र मखन लाल मुस्कान राइस मिल पर मजदूरी का काम करते है। दोनों मिल में धान की बोरी का चट्टा लगाने का काम करते है। रविवार को दोनों राइस मिल पर बोरी निकाल रहे थे तभी राइस मिल मालिक ने दूसरी जगह से बोरी निकालने को कहा। तब मजदूरों ने कहा कि ऊपर से बोरी निकालने को कहने लगे।

आरोप है तब मिल मालिक ने उत्तेजित होकर नीचे से बोरी निक. ालने को कहा।जब दोनों ने नीचे से बोरी निकाली तो ऊपर की बोरी उनपर गिर गई जिससे दोनों मजदूर बोरियो के नीचे दब गए और वहां दोनों चीखने लगे।

आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। मृतक सर्वेश के भाई पप्पू की तरफ से मिल मालिक के खिलाफ देवरनिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# विपक्ष को रास नहीं आया बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** केंद्र सरकार का आम बजट सत्ता पक्ष को विकासोन्मुख और दूरदर्शी नजर आया, वहीं विपक्ष ने इसे आम जनता विरोधी बताते हुए तीखा हमला बोला।

जिलाध्यक्ष अपना दल (एस) एडवोकेट अनुज ने बताया कि बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों का संतुलित रूप से ध्यान रखा गया है। विकास, निवेश और जनकल्याण के बीच संतुलन बनाते हुए यह बजट देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का भरोसा देता है। महानगर अध्यक्ष सपा शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि बजट में बड़े-बड़े ऐलान आम आदमी, किसान, युवाओं और मध्यम वर्ग की मुख्य समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई और असमानता पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह बजट कॉर्पोरेट परस्त और जन विरोधी है। पूर्व जिलाध्यक्ष, सपा शिवचरन कश्यप ने बताया कि बजट आम जनता के साथ एक और धोखा है। सपा प्रदेश प्रवक्ता मुहम्मद साजिद ने कहा कि यह बजट आम जनता नहीं बल्कि केवल पांच प्रतिशत अमीर वर्ग के हित में बनाया गया है। सरकार गरीब, किसान और मिडिल क्लास से वोट लेकर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है। महंगाई, रोजगार, शिक्षा और किसान समस्याओं पर बजट नहीं था। यह बजट केवल उद्योगपति मित्रों का बजट रहा।

जिलाध्यक्ष, बसपा डा. जयपाल सिंह ने कहा कि बजट में योजनाओं और परियोजनाओं के नाम तो बड़े-बड़े हैं, लेकिन, जमीनी परिणाम छोटे नजर आते हैं। बजट में महंगाई पर लगाम लगाने या आयकर में छूट देने का कोई प्रावधान नहीं है। यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार गारंटी जैसे बुनियादी मुद्दों पर मौन है। सांसद आंवला नीरज मौर्य ने बताया कि बजट में सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य पर एक बार भी ध्यान नहीं दिया, जो इतना बड़ा राज्य है। जहां किसान, मजदूर और गरीब लोग रहते हैं। मुझे लगता है कि देश के गरीब, कमजोर और आम लोग निराश हुए हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0-9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# एफसीआई से जुड़े आरोपों पर बढ़ी हलचल

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रोड स्थित एफसीआई गोदाम से गेहूं की कथित अवैध निकासी और कालाबाजारी को लेकर विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। हाल ही में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा राहुल शर्मा सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद अब राहुल शर्मा और मोहित पाल ने दूसरे पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि एफसीआई गोदाम से निकलने वाले गेहूं से लदे ट्रकों से कथित तौर पर बोरी बदलकर अनाज को दोपहिया और छोटे मालवाहक वाहनों के माध्यम से पक्के बाग क्षेत्र में पहुंचाया जाता है, जहां उसका भंडारण किया जाता है। उनका दावा है कि इस संबंध में उनके पास वीडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं, जिनमें गेहूं की बोरियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करते हुए देखा जा सकता है। राहुल शर्मा और मोहित पाल ने आरोप लगाया कि उन्होंने करीब एक वर्ष पूर्व भी इस विषय में संबंधित अधिकारियों को जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की थी। उनका कहना है कि इसके बाद से उन्हें लगातार दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ा। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि 18 जनवरी 2026 की रात को उनके साथ मारपीट की घटना हुई, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकरण में दोनों पक्षों के बयान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविक तथ्यों का खुलासा हो सके। साथ ही उन्होंने एफसीआई गोदाम से पक्के बाग क्षेत्र तक लगे कैमरों की फुटेज की जांच कर कथित अवैध गतिविधियों की पड़ताल कराने की मांग की है। इसके अलावा आरोपित पक्ष की आय और संपत्ति की जांच कराने का भी अनुरोध किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्राप्त शिकायत और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मोहल्ला शान्तिनगर में हुई चोरी का सफल खुलासा, 2 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मोहल्ला शान्तिनगर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई में चोरी का शत-प्रतिशत माल बरामद किया है, जिसमें नकदी 17,200 रुपये, पीली और सफेद धातु के आभूषण, 4 मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त आई-10 कार शामिल हैं। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कनिष पुत्र अजय कुमार और निहाल पुत्र राकेश ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपने ही रिश्तेदार (मौसी) के घर में चोरी को अंजाम दिया था। हापुड़ नगर पुलिस ने इस मामले में बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को ग्राम दस्तोई की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद सामान में पीली धातु के गहनों में 2 गले के सेट, एक चौन, एक मंगलसूत्र, 2 चूड़ियां, जोड़ी कान के कुंडल और एक अंगूठी शामिल हैं। सफेद धातु के गहनों में 3 जोड़ी पाजेब और 5 जोड़ी बिछुए हैं। इसके अलावा, 17,200 रुपये नकद, 4 मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त आई-10 कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और चोरी के सभी साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## दुल्हन बनी ठग, चार दूल्हों को शादी कर लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दयानतपुर निवासी सूरज पुत्र धर्मपाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में एक महिला और उसके परिवार पर सुनियोजित तरीके से शादी के नाम पर ठगी करने, सोने-चांदी के जेवरात हड़पने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार उसकी शादी 01 नवंबर 2025 को नेहा से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार कराई गई थी।

सूरज का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद नेहा और उसकी मां ने षड्यंत्र के तहत उसके घर से सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान समेटकर अपने मायके भिजवा दिए। जब पीड़ित पक्ष ने इस बारे में आपत्ति जताई और सामान वापस मांगने की बात कही तो नेहा की मां, भाई, बहन और अन्य ने मिलकर दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और पैसों की मांग शुरू कर दी। पीड़ित का दावा है कि दबाव बनाकर उससे करीब तीन लाख 25 हजार रुपये वसूल लिए गए। सूरज ने यह भी आरोप लगाया कि नेहा पहले ही सौरभ नमक युवक से शादी कर चुकी थी और उससे एक वर्षीय पुत्र भी है। इसके बावजूद बिना तलाक लिए उससे दूसरी शादी कराई गई और इस तथ्य को उससे छिपाया गया। पीड़ित के अनुसार नेहा के परिवार वाले बच्चे को उसके असली पिता को सौंपने से भी इनकार कर रहे हैं, जिससे बच्चे के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। सूरज ने आरोप लगाया कि नेहा और उसका परिवार इसी तरह कई युवकों से शादी कर ठगी कर चुका है। सूरज ने अन्य मामलों का भी उल्लेख किया है, जिनमें मेरठ क्षेत्र निवासी सोनू से कथित तौर पर सात लाख रुपये, बुलंदशहर क्षेत्र निवासी प्रवीन से साढ़े सात लाख रुपये नकद की ठगी शादी के नाम पर की गई। पीड़ित का कहना है कि यह पूरा नेटवर्क योजनाबद्ध तरीके से शादी कर मोटी रकम ऐंठने और घरों से जेवरात लेकर फरार होने का काम करता है। सूरज ने यह भी आरोप लगाया कि जब कोई व्यक्ति इनके खिलाफ कार्रवाई की बात करता है तो उसे झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती है। सूरज ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसके पास नेहा की कई शादियों से जुड़े फोटो और अन्य सबूत मौजूद हैं। युवक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



## 64 लाख की लूट को लेकर एडीजी ने एसपी के साथ किया लूट स्थल का निरीक्षण

पिलखुवा में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** दो दिन पहले पिलखुवा क्षेत्र में हुई 64 लाख रुपए की लूट मामले में पुलिस पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रही है। लूट की घटना के बाद कई जनपदों की टीम सक्रिय कर दी गई है और अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जल्द ही इस लूट का खुलासा किया जाएगा।

सोमवार को एडीजी भानु भास्कर पिलखुवा पहुंचे और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर के साथ इस लूट की गंभीरता पर मीटिंग की। बैठक में लूट के मामले में पुलिस की जांच की रणनीति, तकनीकी पहलुओं और सक्रिय अभियान की समीक्षा की गई। एडीजी ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और मामले को जल्द सुलझाने के लिए जोर दिया। इसके बाद एडीजी ने लूट के स्थल का निरीक्षण किया और घटनास्थल की स्थिति, सुरक्षात्मक व्यवस्था और साक्ष्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए आवश्यक कदम उठाने के लिए सतर्क रहने को कहा। एडीजी ने बताया कि लूट की घटना खुलने के लिए कई जनपदों की पुलिस टीमें लगी हुई है। पहले चार टीम गठित की गई थी मगर जल्दी लूट की गुत्थी सुलझाने के लिए अब बढ़ाकर 10 पुलिस टीम लगाई गई है जल्द ही लूट का खुलासा किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में तकनीकी सहायता, सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों की पहचान के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। लूट की राशि की अहमियत को देखते हुए जांच टीम पूरे इलाके में व्यापक स्तर पर सक्रिय है और अधिकारियों का मानना है कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।



## एसएसवी इंटर कॉलेज के छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली से कराया परिचय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंस लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर में एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने एसएसवी इंटर कॉलेज के छात्रों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

भ्रमण के दौरान छात्रें को पुलिस की संरचना, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, जनपदीय कंट्रोल रूम और 112 कंट्रोल रूम के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में लाइव अनुभव प्राप्त किया और विभिन्न विभागों में होने वाले कार्यों को नजदीक से देखा। छात्रों को कानून का महत्व, नागरिकों की सुरक्षा, अपराध निवारण और पुलिस सेवा के प्रति जिम्मेदारी के बारे में भी जागरूक किया गया। क्षेत्रधिकारी ने छात्रें को अपराध के प्रति सतर्क रहने और साइबर तथा अन्य कानूनी मामलों में पुलिस से सहयोग लेने के तरीके समझाए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों को पुलिस व्यवस्था से परिचित कराना है, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी, कानून का सम्मान और सुरक्षा जागरूकता के प्रति सजग बनाना भी है। छात्रों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अनुभव से उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली और कानून की बारीकियों को समझने का अवसर मिला।

## हाईवे पर रफ्तार का तांडव, डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में गिरी कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक अज्ञात वाहन ने बैगनार कार को पीछे से भीषण टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार हवा में उछलती हुई डिवाइडर से जा टकराई और पलटते-पलटते दूसरी लेन में जा गिरी। कुछ ही सेकेंड में हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

हादसे के बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आगे का हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया, शीशे टूटकर सड़क पर बिखर गए और लोहे के टुकड़े कई मीटर तक फैल गए। टक्कर के बाद कार सड़क पर कई फीट तक घिसटती चली गई, जिससे सड़क पर धुआं और रबर जलने की तेज गंध फैल गई। यह दृश्य देख वहां से गुजर रहे वाहन चालक सहम गए और आनन-फानन में अपने वाहन रोक दिए। कार में सवार लोगों के लिए यह हादसा किसी डरावने सपने से कम नहीं था।

टक्कर के झटके से सभी सीटों पर उछल पड़े, लेकिन सौभाग्य से कोई बड़ा जानलेवा नुकसान नहीं हुआ और सभी कार सवार बाल-बाल बच गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पिलखुआ पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे पर बिखरे मलबे को हटवाकर यातायात को नियंत्रित कराया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार वाहन की तलाश में जुट गई है।



### एक नजर

## तीन जिलों में दहशत फैलाने वाले कुंडल लुटेरे दबोचे गए, हथियार और बाइक बरामद

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने कुंडल लूट की बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीली धातु के पांच कुंडल, अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों ने 15 जनवरी 2026 को धौलाना क्षेत्र के बंबावड़ मार्ग पर एक महिला से कुंडल लूट की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार थाना धौलाना पुलिस ने बीएनएस से संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए गालंद नहर पुल के पास से दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने धौलाना के अलावा थाना हाफिजपुर क्षेत्र और जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर क्षेत्र में भी कुंडल लूट और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इकराम उर्फ पप्पू पुत्र कमरुद्दीन निवासी ग्राम बागड़पुर, थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ (हाल निवासी चांद कॉलोनी, थाना मसूरी, गाजियाबाद) तथा सुहैल पुत्र शोएब निवासी ग्राम लुहारी, थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और लंबे समय से लूट की घटनाओं में सक्रिय थे। बरामदगी के दौरान पुलिस को धौलाना थाने के मुकदमे से संबंधित एक कुंडल, थाना हाफिजपुर क्षेत्र से जुड़े दो कुंडल और थाना चांदपुर जनपद बिजनौर से जुड़े दो कुंडल मिले हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 37 वी 5326) भी जब्त की गई है। आरोपियों के पास से एक अवैध तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है। लुटेरे बदमाशों का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास बताया जा रहा है।

## दूसरी क्लास के लापता छात्र का नहीं लग रहा सुराग, परिजनों को सता रहा अनहोनी का डर

**गढ़मुक्तेश्वर।** संदिग्ध दशा में लापता हुए दूसरी क्लास के छात्र का छठे दिन भी कोई सुराग न लगने से परिजनों में बेचौनी बढने् के साथ ही अनहोनी का डर भी सता रहा है। गढ़ क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी साकिब का आठ वर्षीय बेटा हुसैन गांव के ही सरकारी स्कूल में दूसरी क्लास की पढ़ाई कर रहा था, जो स्कूल जाने के दौरान 28 जनवरी को रास्ते से संदिग्ध दशा में लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी कोई अता पता न लगने से परिजन बुरी तरह बेचौन हो रहे हैं, जिन्हें अपने बेटे के साथ कोई अनहोनी घटना होने का डर भी सता रहा है। खोजबीन के दौरान कोई सुराग न लगने पर अनहोनी की आशंका से भयभीत परिजन कोतवाली पहुंचे। जिन्होंने अपना दुखड़ा सुनाते हुए गुमशुदगी की तहरीर देकर लापता बेटे को सकुशल बरामद कराने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता छात्र की सुरागरसी कराई जा रही है, जिसे बहुत जल्द सकुशल ढंग में बरामद कर लिया जाएगा।

## आरपीएफ ने फिश प्लेट चोरी करने वाले चोर और कबाड़ी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में रेलवे लाइन से फिश प्लेट चोरी के मामले का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरपीएफ के अनुसार यह घटना लाखन रेलवे फाटक के पास हुई थी। पहली बार 30 दिसंबर को रेलवे लाइन को जोड़ने वाली फिश प्लेट चोरी की गई थी। इसके बाद 26 जनवरी को उसी स्थान पर दोबारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। दूसरी घटना के दौरान आरोपी मौके पर स्कूटी छोड़कर फरार हो गए थे। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के चलते ट्रेनों का संचालन एहतियातन धीमी गति से कराया गया था। दोनों मामलों में आरपीएफ थाने में मुकदमे दर्ज किए गए थे। आरपीएफ थाना प्रभारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक अनिल कुमार तेवतिया के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान लाखन निवासी दीपू तोमर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि चोरी की गई फिश प्लेट उसने सर्विस रोड रिलायंस मार्ग के मोड़ पर स्थित कबाड़ की दुकान पर जान मोहम्मद को बेची थी। इसके बाद आरपीएफ टीम ने कबाड़ी जान मोहम्मद को भी गिरफ्तार कर लिया और चोरी का माल बरामद कर लिया। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## पीड़िता ने लगाया पति द्वारा देह व्यापार में धकेलने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धोखाधड़ी और मानसिक व शारीरिक शोषण के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीड़िता शीतल ने बताया कि उसकी शादी 03 मार्च 2025 को ग्राम ददायरा, थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में हिंदू रीति-रिवाज से ग्राम फफूड़ा, थाना खरखौदा मेरठ निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी में शीतल के पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च कर घरेलू सामान, मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य उपहार दिए थे। विवाह पर करीब 15 से 16 लाख रुपये खर्च किए जाने का दावा किया गया है।

शीतल का आरोप है कि शादी से पहले ससुराल पक्ष ने उसके पिता को बताया था कि दामाद मोबाइल टावर कंपनी में इंजीनियर है। इस जानकारी पर भरोसा कर विवाह कराया गया, लेकिन शादी के बाद सामने आया कि पति बेरोजगार है और किसी भी कंपनी में कार्यरत नहीं है। जब शीतल ने इस बारे में सवाल किया तो पति ने गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी। कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने कम दहेज का ताना देते हुए अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब पति घर पर ही रहने लगा और उसने खर्च चलाने को लेकर काम करने की बात कही, तो पति ने हिंसक रवैया अपनाया और धमकी दी कि उसका काम लड़कियों की सप्लाई करना है और जरूरत पड़ी तो उसे भी बेच देगा। शीतल का कहना है कि कुछ दिनों बाद उसका पति उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने दोस्तों के पास ले गया और वहां उसे सामने बैठा दिया। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उसके बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं और पैसों की चर्चा की। इस घटना के बाद शीतल को साजिश का अंदेशा हुआ और उसने पूरी आपबीती अपने भाई को बताई। शीतल के भाई ने बहन की ससुराल पहुंचकर मामले की जानकारी ली तो उसके साथ भी मारपीट और अभद्रता की गई। इसके बाद भाई शीतल को अपने साथ मायके ले आया और पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर तथ्यों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



## असौड़ा गांव में कछुआ तस्करी का भंडाफोड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के असौड़ा गांव में वन विभाग की टीम ने बड़ी छापेमारी करते हुए वन्यजीव तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी शाहरुख के घर से 13 जीवित कछुए बरामद किए गए, जिन्हें अवैध रूप से रखा गया था। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

वन विभाग को लंबे समय से क्षेत्र में कछुओं के अवैध शिकार और तस्करी की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर विभागीय अधिकारियों ने टीम गठित कर असौड़ा गांव में दबिश दी। छापेमारी के दौरान आरोपी के घर में छिपाकर रखे गए 13 कछुए बरामद किए गए। टीम ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए कछुए संरक्षित प्रजाति के अंतर्गत आते हैं। इन्हें अवैध रूप से रखना और इनका व्यापार करना कानूनन अपराध है। सभी कछुओं को सुरक्षित रूप से कब्जे में लेकर विभागीय संरक्षण में भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव तस्करी और अवैध शिकार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## दीपक कुमार को राष्ट्रीय भाईचारा अवार्ड से सम्मानित करेगी वीआईपी पाटी: डा. शेख बिना

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेख ने कहा कि उत्तराखंड के जांबाज दीपक कुमार को वी आई पी पार्टी राष्ट्रीय भाई चारा अवॉर्ड से सम्मानित करेगी। डॉ शेख ने कहा कि कोटद्वार के अंदर एक वर्षों पुरानी दुकान है बाबा के नाम से ,कुछ उपद्रवी तत्व आते है,बाबा कलेक्शन के मालिक के साथ मारपीट करते है ओर कहते है, कि बाबा नाम हटा लो ,इस घटना को देख कर पड़ोस के जिम संचालक दीपक कुमार आ गए और उपद्रवी तत्वों से बोले बाबा को क्यों परेशान कर रहे हो,उपद्रवी लोगों ने पूछा तुम्हारा नाम किया है, इस नौजवान ने तपाक से कहा मेरा नाम मुहम्मद दीपक है यह सुनकर लोग वहां से चले जाते हैं, इस घटना से करोड़ों दिलों में अपनी जगह बना लेते है दीपक ,देश में बढ़ रही नफरत भरे माहौल में मुहब्बतं का चिराग जलाते हैं,दीपक कुमार आज देश को हजारों दीपकों की जरूरत है ,जो इस नफरत को मिटा सके, डॉ शेख ने कहा कि कुछ प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों में होड़ लगी हुई है कि कौन सब से ज्यादा एक समुदाय को टारगेट करता है,उन सब में पहले नंबर पर आने वाले भी उत्तराखंड के धामी ही है,धामी को चाहिए था कि कोटद्वार में उपद्रवी लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाही करनी चाहिए थी उन को जेल में डाला जाना चाहिए था,जब की धामी के प्रशासन ने उल्टे दीपक के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया ,लगता है देश में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है सुप्रीम कोर्ट को इस तरह के नफरती लोगों पर संज्ञान लेना चाहिए,उधर डॉ शेख ने विपक्ष पर भी हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष को सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए ,कहा चले जाते हैं कांग्रेस, सपा बसपा के हजारों कार्यकर्ता जब कुछ उपद्रवी लोग आते है ओर मुसलमानों को रहड़ी वालों को, बिरयानी बेचने वालों को ,फैरी करने वालों को परेशान कर ने आते हैं,अगर उस वक्त सपा बसपा कांग्रेस ओर सेकुलर हिन्दू भाई कोटद्वार के दीपक बनकर आने लगेंगे तो नफरती गैंग खुद बा खुद भाग जाएंगे

## बांकेबिहारी मंदिर में मुस्लिम को रेलिंग ठेका देने पर विवाद

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में प्रवेश द्वार से निकास द्वार तक रेलिंग लगाने का ठेका मुस्लिम को देने का विरोध शुरू हो गया है। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने से लोगों ने आपत्ति जताई है। फेसबुक पर संदीप पहल नामक व्यक्ति ने एक वीडियो अपलोड किया है। ये वीडियो कुछ दिन पुराना है, लेकिन रविवार को ये चर्चा में रहा। इस वीडियो में संदीप पहल कहते दिख रहे हैं कि हरिद्वार में हरि की पौड़ी पर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है तो बांकेबिहारी मंदिर में रेलिंग लगाने का ठेका एक मुस्लिम को कैसे दिया जा सकता है। संदीप का कहना है कि बांकेबिहारी मंदिर में स्टील की रेलिंग बनाने का टेंडर मेरठ की कनिका कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। इस कंपनी के मुख्य पार्टनर कांग्रेस नेता सलीम खान हैं। इस टेंडर को दिलाने में मथुरा के एक एडीएम का हाथ भी बताया गया है। सलीम खान को कोविड काल में भी भोजन के पैकेट वितरित करने का भी टेंडर दिया गया था। इस वीडियो को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस संबंध में उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति के सदस्य शैलेंद्र गोस्वामी का कहना है कि मंदिर में रेलिंग लगाने का काम जिस कंपनी को दिया है, उसका स्वामी मुस्लिम है, ये जानकारी नहीं है। लेकिन, हमारे यहां तो स्वामी हरिदास के दर्शन एवं संगीत सुनने को अकबर भी आया था, जो मुगल शासक था।

# रेलवे में खाली पड़े पदों को जल्द भरा जाए

## नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने दिया धरना



शाह टाइम्स

**रामपुर।** अपनी 13 सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रमुख रूप से रेलवे में खाली पड़े पदों को जल्द भरने की मांग उठाई। यूनियन के महामंत्री कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा के नेतृत्व में अखिल भारतीय मांग दिवस पर एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा सचिव रवींद्र भंडारी ने 13 सूत्रीय मांगों को सभी के सामने रखा। उन्होने कहा कि पीएलबी की गणना हेतु 7000 की सीमा हटाई जाए और मूल वेतन के अनुसार बोनस दिया जाए। रेलवे में खाली पड़े पदों को जल्द भरा जाए। कैडर रिस्ट्रक्चरिंग शीघ्र करते हुए 01.11. 2023 से लागू किया जाए। ट्रैकमेंटेनर के द्वारा 12 किलोमीटर पेट्रोलिंग सीमा सुनिश्चित की जाए रेलवे में मिलने वाले पास पीटीओ में उनके माता-पिता का नाम शामिल किया जाए। महंगाई भत्ते में 50% अधिक हो जाने पर 25% बढ़ाने के आदेश तत्काल जारी किए जाएं। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें समय से पूरी कर नए वेतनमान एवं भत्ते को एक-एक 26 से लागू किया जाए। बाद में सभी ने मांगों के निस्तारण के लिए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर राधेश्याम, राजीव सिंह, राजकिशोर, राहुल, मुनीश, कृपाल सिंह, बलराम, अमन सैनी, अविनाश तिवारी, जुनेजो खान, दीपक प्रजापति, अमित सिंह, अंकित, संजीव राम, विमल सागर, अमृत राज, नन्हे, निरंजन और शिवम आदि मौजूद रहे।

# सीओ ने व्यापार मंडल के नेताओं से की मुलाकात



शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को शाहबाद के रामपुर चौराहे स्थित कस्बा पुलिस चौकी पर सीओ देवकीनंदन ने व्यापार मंडल के नेताओं से मुलाकात कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान जनसमस्याओं की जानकारी साझा की। इस दौरान व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता, नगर महामंत्री गोरे खां, अमित चंद्रवंशी, शोभित गुप्ता आदि रहे। उधर रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को खुले बैंकों पर भी चेकिंग की गई। सीओ देवकीनंदन ने बैंक, एटीएम और बैंको के अन्दर लेनदेन करने आ रहे ग्राहकों की चेकिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया। साथ ही बैंक स्टाफ और सुरक्षा गार्ड को उचित निर्देश भी दिए।

# शहजादनगर थाना प्रभारी बदले देखेंगे क्राइम ब्रांच

शाह टाइम्स

**रामपुर।** एसपी विद्या सागर मिश्र ने शहजादनगर थाना प्रभारी हरेंद्र यादव को हटा दिया है। एसपी ने देर रात शहजादनगर थाना प्रभारी हरेंद्र यादव को हटाते हुए क्राइम ब्रांच भेजा है। उनके स्थान पर लाइन में तैनात कुलदीप राणा को नया एसओ बनाया है। बिलासपुर में तैनात उपनिरीक्षक महेश चंद्र व ओमकार सिंह को बिलासपुर से टांडा भेजा है। इसके अलावा खजुरिया में तैनात नरेंद्र कुमार को शाहबाद भेजा है। अजीमनगर में तैनात बब्लू को यातायात पुलिस में भेजा है।

# सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल एक रेफर

शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सीएचसी शाहबाद में भर्ती मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के मोहल्ला कस्बाबान निवासी नाजिम कुरैशी और तालीब कुरैशी किसी बाइक से किसी जरूरी काम से जा रहे थे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे मार्ग पर गिरकर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की जानकारी परिजनों को मिली परिजन दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे डॉक्टर ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर तालिब की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# भतीजे की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार पर रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर।** बीते दिनों हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना 14 जनवरी 2026 को हुई, जब एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान कृष्णपाल के रूप में हुई है। उनके भतीजे सतीश की तहरीर पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है सतीश अपने चाचा कृष्णपाल निवासी ग्राम धनुपुरा, थाना कुढ़फतेहगढ़, जिला संभल) के साथ 14 जनवरी 2026 को अपने गांव धनुपुरा से शाहबाद जा रहे थे। वे ग्राम भुड़ासी निवासी रूपसिंह के ई-रिक्शा में सवार थे। जैसे ही ई-रिक्शा ग्राम भुड़ासी से निकला, सामने से गलत दिशा और तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि कृष्णपाल गंभीर रूप से घायल हो गए और ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल कृष्णपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल रामपुर पहुंचने पर डॉक्टरों ने कृष्णपाल को मृत घोषित कर दिया शाहबाद पुलिस द्वारा मृतक कृष्णपाल के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अंतिम संस्कार के बाद, कृष्णपाल के भतीजे सतीश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# भाजपा नेता चौधरी संजय सिंह ने पूर्व मंत्री का किया भव्य स्वागत



शाह टाइम्स

**सैफनी।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरसोल रायपुर का मझरा निवासी भाजपा नेता महासिंह की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए और भाजपा नेता महासिंह की पुत्री को अपना आशीर्वाद प्रदान कर दिल्ली के लिए रवाना हुए तभी शाहाबाद बिलारी मार्ग दनियापुर तिराहे पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी संजय सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने शॉल और फूल मालाए पहनाकर किया भव्य स्वागत पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तयार अब्बास नकवी सभी भाजपा कार्यकताओं से सप्रेम भेट कर वहीं से वह अपने काफिले के साथ दिल्ली की ओर रवाना हुए स्वागत में जिला उपाध्यक्ष चौधरी संजय सिंह , चेयरमेन गन्ना समिति के विवेक पांडे एडवोकेट, प्रधानाचार्य विवेक शर्मा (पधान),स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक सुशील फौजी,मंडल उपाध्यक्ष अभिलाष शर्मा, मंडल महामंत्री विमल जोशी,मंडल मंत्री सत्यम ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर में खेलते समय बच्चा कांच पर गिरकर गंभीर घायल

शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बमनपुरी छोटे का दो वर्षीय पुत्र रामू घर में खेल रहा था खेलते हुए बच्चा अचानक घर में पड़े हुए कांच पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया बच्चों के खून निकलता देख परिजन आनंन-फानन में निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचे और बच्चे को प्राथमिक उपचार दिलाया लेकिन डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।



# सीओ शाहबाद ने किया बैंकों का औचिक निरीक्षण

शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने किया बैकों का भ्रमण किया शाहबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन के द्वारा बैकों के अवकाश खत्म होते ही शाहबाद की बैंकों का भ्रमण किया शाहबाद में बैकों के अवकाश के बाद सोमवार बैंक खुले जिसमे बैंकिंग कार्य कराने आए लोगों एंव संदिग्ध लोगों की चेकिंग की गई पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने बैको के एटीएम एवं बैंक के अंदर लेनदेन करने वाले ग्राहकों की चेकिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया तथा बैंक कर्मी एवं सुरक्षा गार्ड को उचित निर्देश दिए गए।



# मानपुर में खेली गये दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का हुआ समापन चेयरमैन हरिओम मौर्य ने विजेता टोमो के दिये उपहार



शाह टाइम्स

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम मानपुर उत्तरी मे दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का समापन होगया जिसमे पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य ने विजेता टीमो को उपहार देकर सम्मानित किया मानपुर के वॉलीबॉल सुल्तान क्लब द्वारा टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने वॉलीबॉल खेल कर टीमों का उत्साह वर्धन किया जिसमें आसपास के क्षेत्र की टीमे तथा ठाकुरद्वारा तथा बाजपुर उत्तराखंड की टीमें शामिल रहीं । जिसमें मानपुर ए तथा बी एवं लालपुर की मुस्कान टीमें विजेता रही । इस मौके पर ग्राम प्रधान साजिद अली, मयंक मौर्य, शकील अहमद अंसारी, जमशेद अंसारी, नईम अंसारी, खालिद पाशा, फरदीन पाशा, फरीद पाशा, रईस आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# माघ पूर्णिमा के अबसर पर गूंजे जयकारे, प्रभात फेरी का भव्य आयोजन



शाह टाइम्स

**सैफनी।** क्षेत्र के दनियापुर गांव में सोमवार को माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सुबह-सवेरे निकली प्रभात फेरी गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ हुई, जो गांव की विभिन्न गलियों और प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः शिव मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के दौरान भगवान शिव सहित देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने झांकियों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की और व्यवस्था संभालने में भी सहयोग किया। कार्यक्रम में अनुभव प्रधान, सुखवीर सिंह, संजय चौधरी, अतुल सिरोही, सुमित, रोहन सिंह, विश्वास सिंह, प्रदीप, विवेक, रजित, राजीव, सुखविंदर, रितिक और करण प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने माघ पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी भाईचारे और धार्मिक एकता का संदेश दिया।

# बजरंग दल नेता विशाल वीर ने वृद्धा आश्रम ग्वारखेडा में बुजुर्गों के साथ मनाई शादी की वर्षगांठ

शाह टाइम्स

**सैफनी।** सैफनी नगर निवासी विशाल वीर तूफानी सोमवार को अपनी शादी की वर्षगांठ के अवसर पर अपने परिवार सहित ग्वारखेड़ा में स्थित वृद्धा आश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों की सेवा कर मनाई शादी की वर्षगांठ तूफानी ने बताया कि में यहां केक शोर और दिखावे के लिए नहीं पहुंचे बल्कि बुजुर्गों की सेवा के लिए पहुंचे जहां अक्सर लोग ऐसे अपने तक सीमित रखते है वहीं विशाल वीर तूफानी ने समाज को यह सिखाया कि सच्ची खुशियां बांटने से बढ़ती है वृद्ध आश्रम में मौजूद हर बुजुर्ग की आंखों में अपनापन देखने को मिला चेहरे पर मुस्कान ओर दिल में दुआएं उनके हाथों से मिली सेवा ने यह एहसास दिलाया कि वे अकेले नहीं है समाज उनके साथ आज भी खड़ा है यह सेवा केवल एक दिन की नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों का जीवंत संदेश है कि जिन लोगों ने जीवन की सीख दी आज उनकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है विशाल वीर तूफानी का यह कदम न सिर्फ सराहनीय है बल्कि दूसरों के लिए एक गहरी प्रेरणा भी है कि खुशियों के अवसर पर समाज के कमजोर वर्ग के साथ बांटे जाए (विशाल वीर तूफानी)।

# पटवाई में बिना पंजीयन चल रहा ग्लोबल अस्पताल किया सील

शाह टाइम्स

**रामपुर।** पटवाई क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन और विशेषज्ञ चिकित्सकों की गैर मौजूदगी में संचालित हो रहे ग्लोबल अस्पताल को रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया है। कई बार शिकायत मिलने पर टीम कार्रवाई के लिए गई थी लेकिन हर बार अस्पताल बंद मिल रहा था। रविवार को अस्पताल खुले होने की सूचना मिलने पर टीम ने छापा मारकर यह कार्रवाई की। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सोमवार को पटवाई थाने में तहरीर दे दी गई है।

जिले में अवैध तरीके से अस्पतालों का संचालन होना आम बात हो गई है। बिना पंजीयन व विशेषज्ञ डाक्टरों के यह अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। जहां पर मरीजों से मोटी रकम वसूलने के साथ ही उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके अलावा झोलाछाप भी भारी संख्या में मरीजों को देख रहे हैं। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिना पंजीयन के पटवाई क्षेत्र में चल रहे ग्लोबल अस्पताल के संचालित होने की सूचना पर पहुंची टीम को जांच करने पर सभी प्रपत्र अधूरे मिले। न तो पंजीयन था और न ही विशेषज्ञ डाक्टर की तैनाती। जिस पर टीम ने सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी। बताते हैं कि इस बीच वहां पर भीड़ जुट गई और लोगों ने विरोध करने का भी प्रयास किया। लेकिन, टीम ने सख्ती दिखाते हुए अस्पताल सील कर दिया।

# एसपी ने थाना स्वार का किया आकस्मिक निरीक्षण





शाह टाइम्स

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ थाना स्वार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया । साथ ही थाना परिसर स्थित कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर सेल की साफ-सफाई का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । इस दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार भी मौजूद रहे । निरीक्षणोपरान्त पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ अपराध नियन्त्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा आमजन मानस में सुरक्षा भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गों, भीड भाड़ वाले स्थानो एवं बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई ।

# नफर वारंटी गिरफ्तार भेजा जेल



शाह टाइम्स

**स्वार।** सोमवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सोमवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी रशपाल सिंह पुत्र बलविंदर सिंह निवासी वरीराई खास कुन्द नगर तिलपुरी पो0नारायणपुर दोहरिया थाना गदरपुर उधमसिंह नगर को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0जितेंद्र कुमार,का0 नबाव शरीफ आदि मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया

## स्लाटर हाउस ने नाली और रास्ते की भूमि पर कर रखा था अतिक्रमण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील धामपुर क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जनता दर्शन कार्यक्रम में प्राप्त एक शिकायत के आधार पर ग्राम याकूबपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर में स्थित ओमार इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस द्वारा सरकारी नाली और रास्ते की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनता दर्शन में शिकायत मिली थी कि संबंधित स्लॉटर हाउस द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर सार्वजनिक नाली और रास्ते को बाधित किया गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथि पर राजस्व टीम का गठन किया गया। टीम ने ओमार इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस के प्रतिनिधि की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर नियमानुसार पैमाइश की, जिसमें शिकायत सही पाई गई।

पैमाइश के बाद नियमानुसार संबंधित संस्था को सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया।

सोमवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से सरकारी नाली और रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

इस संबंध में एसडीएम स्मृति मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी नाली, रास्ता या अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सार्वजनिक रास्तों और नालियों से अतिक्रमण हटने से आमजन को राहत मिलेगी।

# महिलाओं की किश्त हड़पने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में संचालित एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी की शाखा में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। कंपनी में सीएसएम के पद पर तैनात सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की ऋण किश्तों की राशि हड़पने और कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित फाइनेंस कंपनी का मुख्य कार्यालय हैदराबाद में स्थित है, जबकि उसकी एक शाखा धामपुर नगर क्षेत्र में संचालित थी। कंपनी द्वारा महिलाओं के स्वयं सहायता समूह गठित कर उन्हें छोटे-छोटे रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिसकी वसूली किश्तों में की जाती है।

आरोप है कि धामपुर शाखा में सीएसएम के पद पर नियुक्त आकाश पाल समूह की महिलाओं से ऋण की किश्तें वसूलने का कार्य करता था। इसी क्रम में 01 अक्टूबर 2025 को स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से लगभग 1 लाख 93 हजार रुपये की किश्त राशि एकत्र की गई, लेकिन यह रकम कंपनी के खाते में जमा नहीं की गई। शिकायत के अनुसार, जब कंपनी द्वारा किश्तों की जानकारी ली गई तो संबंधित सीएसएम द्वारा टालमटोल की जाने लगी। कुछ समय बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और वह बिना सूचना दिए कार्यस्थल से अनुपस्थित हो गया। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उसके आवास पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। परिजनों की ओर से भी कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई।

शाखा के ब्रांच मैनेजर ने कोतवाली धामपुर में शिकायत दी थी। पुलिस द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाकर बयान दर्ज किए गए, जिसके आधार पर आरोपी आकाश पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शरू कर दी है।

## एक नजर

### बजट संतुलित और सराहनीयः संजीव



**बिजनौर।** केंद्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवाइयों को सस्ता करना आमजन के हित में बड़ा कदम है। वहीं शराब, पान मसाला, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट पर जीएसटी बढ़ाने से स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का नया टैक्स नहीं लगाया गया है, जिससे जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। जीएसटी के सरलीकरण से व्यापारियों को राहत मिलेगी और कारोबार करने में आसानी होगी। संजीव अग्रवाल ने कहा कि कुल मिलाकर बजट संतुलित और सराहनीय है, जो जनहित के साथ-साथ व्यापारिक विकास को भी गति देगा।

### शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत



**हल्दौर।** मौहल्ला जमनावाला की धर्मशाला में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। समाजसेवी संजीव कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। संत शिरोमणि रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा बुद्ध आदि की झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रही। युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष आशु कुमार, विकास कुमार, सौरभ कुमार, सिद्धार्थ नाथ, रवि कुमार, वंश, राजवीर सिंह, नीरज कुमार, सागर सिंह, शीशराम सिंह, मुन्नू सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि रहे। वहीं नगर के मौहल्ला अल्लाहवाला, खेड़ा, ग्राम अम्हेड़ा आदि देहात क्षेत्र में भी संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

### युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



**शेरकोट।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर नगर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मौहल्ला फतेहनगर में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकियों के माध्यम से संत रविदास जी के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं यात्रा के साथ चल रहे युवा अखाड़े में युवाओं द्वारा किए गए हैरतअंगेज करतबों और शारीरिक प्रदर्शन ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। रास्ते भर लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में सौरभ कुमार, शक्ति सिंह, राजू माहशय, कपिल, नरेश, सभासद विपिन, सुखबीर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं मोहल्ला समनासराय में भी धार्मिक झांकियों और युवा अखाड़े के साथ अलग से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अभिषेक कोहली, रणजीत सिंह दारा, विजयपाल सैनी, धर्मवीर चौहान, शुभम बिरला, शिव कुमार आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### सालाना इम्तिहान मुकम्मल




**सहसपुर।** जुमा बाजार रोड निकट मौहल्ला नई सराय मस्जिद मदरसा अनवार उल उलूम में कल सुबह हाफिज तलबा, नाजरा तलबा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सालाना इम्तिहान मुकम्मल हुआ। जिसमें हाफिज अनीस अहमद ने इम्तिहान लिया। जिसमें इम्तिहान के दौरान शहर इमाम मौलाना सुल्तान कासमी, मुफ्ती अब्दुल रहमान नौगांव सादात, मौलाना इफ्तिखार हसन आदि ने तलबाओं उनके उज्जवल मुस्तकबिल की दुआओं के साथ नवाजा और इसी के साथ मदरसा अनवार उल उलूम में हाफिज अम्मार मुफीद अंसारी ने हिफ्ज मुकम्मल किया। हिफ्ज तलबा मुकम्मल तालीम पर उसके उस्ताद कारी मसरूर आलम, कारी इसरारूल हक अंसारी ने तलबा की उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं दूसरी और हाफिज अम्मार मुफीद अंसारी के पिता ने बताया कि इस बार रमजान में मस्जिद उमर फारूक में अपना कलाम पाक तराबियों में सुनाएंगे।

# शोभायात्रा में शामिल गौतम बुद्ध की झांकी को मिला पहला इनाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव जीतपुर खास में रविवार को निकले जुलूस में झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

प्रतियोगिता में गौतम बुद्ध की झांकी को प्रथम, गंगा माता व रविद.स जी की झांकी द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। मीराबाई की झांकी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता में 16 झांकियों ने प्रतिभाग किया था।

थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर व कमेटी अध्यक्ष भूरे सिंह ने विजेता झांकियों के कलाकारों को पुरस्कृत किया, इस मौके पर पीतम सिंह, तेजपाल सिंह, नरपाल सिंह, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

# श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम

## धूमधाम से मनाया प्रथम वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जंक्शन कॉलोनी के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रथम वार्षिक उत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर के चारों ओर स्थापित किए गए केसरिया ध्वज और ध्वजाओं के कारण कार्यक्रम स्थल केसरिया मय बना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी तथा नूरपुर क्षेत्र की ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को सामूहिक जयकारों के बीच विशेष सम्मान प्रदान किया गया। धार्मिक संस्था धामपुर जंक्शन पूजा स्थल निर्माण एवं प्रबंधन ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. शंकर लाल शर्मा तथा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा बबलू एवं सचिव राशु चौहान और कोषाध्यक्ष योगेश कुमार के संरक्षण निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस प्रथम वार्षिक उत्सव समारोह का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया।

समाजसेवी एवं ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा बबलू एवं कामिनी शर्मा, योगेश कुमार एवं मंजू देवी, विकास अग्रवाल एवं मोना अग्रवाल, प्रमोद सिंह चौहान एवं इंदु सिंह चौहान, मुकेश कश्यप एवं अन्नू रानी कश्यप, दुर्गेश राठौड़ एवं शिखा राठौड़, दिनेश भारती एवं वर्षा रानी, श्याम अग्रवाल एवं सोनी अग्रवाल, पवन शर्मा एवं छवि शर्मा, रोहित गौतम एवं आंचल भारद्वाज, बलराम सिंह एवं चंदा देवी, अंकित बंसल एवं नेहा बंसल, सुमित अग्रवाल एवं रूबी अग्रवाल, मोहित आर्य एवं दीप्ति, मुकेश कुमार शर्मा एवं प्रीति रानी शर्मा, सचिन शर्मा एवं रिया शर्मा, विनीत कौशिक एवं नीतू कौशिक, सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा आदि अनेक श्रद्धालु परिवारों ने प्रदर्शित की।

मुख्य यजमान सहित सभी यजमान परिवारों ने सामूहिक हवन यज्ञ में भी सहभागिता बनाते हुए हवन कुंड में आहुतियां दी।

## एक नजर

### शेरबाज पठान ने किया शुभारंभ



**चांदपुर।** ग्राम मुराहट में रविदास जयंती के अवसर पर चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शेरबाज पठान ने समाज के लोगों को संत रविदास जी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समाज के प्रति निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर ईश्वर दयाल, पवन फौजी, जयपाल सिंह, रवि कुमार, नेपाल सिंह, विशंभर प्रधान, मोहित कुमार, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे । उद्घाटन पश्चात् एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे सुंदर-सुंदर झांकियां सभी का मन मोह रही थी तथा बैंड बाजे शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। रविदास कमेटी की ओर से चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान का फूलों की मालाओं व ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

### भाकियू प्रधान ने दिया समर्थन



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के तहसील युवा अध्यक्ष चौधरी खेवेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील परिसर मे चल रहे चांदपुर से बास्टा मार्ग बनाने के सम्बन्ध में किसान आंदोलन को समर्थन दिया तथा यथाशीघ्र सड़क निर्माण आरंभ कराये जाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि सड़क निर्माण शीघ्र ही प्रारम्भ नहीं हुआ तो भाकियू प्रधान नौ फरवरी को बड़ा आंदोलन चांदपुर तहसील पर करेंगी, जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। इस मौके पर अंकित कुमार, लोकेश कुमार, दीपक कुमार, आरिफ खान, शीशपाल, खेम सिंह आदि शामिल रहे।

### नितिन मौर्य ने किया शुभारंभ



**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर में चल रही रविदास लीला मंचन का रविवार की रात्रि समापन हो गया। इस अवसर पर कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नितिन मौर्य ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें संत गुरु रविदास के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने सिद्ध किया कि व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान होता है। उन्होंने हमेशा कर्म को प्रधान समझा और अपनी कार्य में संतुष्ट रहे। उन्होंने अपने ज्ञान से पूरे विश्व को प्रकाशित किया। उनके सबद को गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर रविदास लीला के कलाकारों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नरोत्तम सिंह, दिग्विजय सिंह, धर्मवीर सिंह, आसाराम सिंह, मिथुन कुमार, पूरन सिंह, रोहिताश सिंह, विपिन मौर्य, कामेंद्र सिंह, जगदीश आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने बजट को फर्जी और निराशाजनक बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे आम जनता, विशेषकर गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील तथा विफल बताया है।

श्रीमती हैनरीता सिंह ने कहा कि यह बजट फर्जी है। भाषण बहुत लंबा डेढ़ घंटे से अधिक, लेकिन असली समस्याओं पर पूर्ण चुप्पी। बजट में महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन या आर्थिक संकट से निपटने की कोई ठोस योजना नहीं है। बल्कि बजट पेश होने से ठीक पहले ही एलपीजी सिलेंडर कमर्शियल के दामों में लगभग 50 रुपए की बढ़ोतरी कर आम आदमी की कमर तोड़ दी गई है। घरेलू सिलेंडरों पर राहत के नाम पर कोई घोषणा नहीं, जबकि महंगाई पहले से ही जनता को परेशान कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि बजट घोषणा के तुरंत बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई, जो बाजार की इस बजट पर नकारात्मक प्रतिक्रिया को दर्शाता है। मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो चुकी है। मैन्युफैक्चरिंग गिर रही है, निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं, किसान संकट में हैं, युवा बेरोजगार हैं और वैश्विक स्तर पर आर्थिक झटकों की आशंका है। फिर भी बजट में इन मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं। श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण की अनदेखी आंकड़ों का आंकलन नहीं किया गया, बल्कि अनदेखा कर दिया गया। रुपए की लगातार गिरावट इसके उभार के लिए कोई योजना नहीं। पिछले बजट का खर्च न होना शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय जैसे जरूरी क्षेत्रों में आवंटित बजट खर्च नहीं किया गया, बल्कि कई योजनाओं से कटौती कर दी गई। सबका साथ, सबका विकास का ढोंग वादे पूरे नहीं हुए केवल कटौतियां की गईं। युवा, महिलाएं, किसान और गरीब निराश महंगाई के बोझ तले दबे हैं। 'बुलेट ट्रेन' या '2000 करोड़ नौकरियां' जैसे बड़े-बड़े दावे खोखले साबित हो चुके हैं। मध्यम वर्ग को केवल निराशा यह बजट गरीबों को और गरीब बनाता है, जबकि मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग को झुनझुना थमा दिया गया है।

श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने इसे 'फुस्स सुतली बम' जैसा बजट बताया, जो आम जनता को केवल निराशा देता है। उन्होंने कहा मोदी सरकार का यह बजट न तो गरीबों के हित में है, न युवाओं के, न किसानों के। यह केवल दिखावा है, जबकि असल समस्याएं अनसुलझी हैं।

# पत्रकार महावीर व खुर्शीद अंसारी को दी श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में एक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों के द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्राम भागूवाला के वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह राजपूत व धामपुर के वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका निधन पत्रकारिता क्षेत्र में एक अपूर्णीय क्षति बताया गया। पत्रकारों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में पत्रकार मुस्तकीम अहमद, प्रीतम सिंह राठी, मोहित कर्णवाल, देवेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. ओपी सिंह, अजहरूद्दीन, मौहम्मद अरशद, डॉ. मुसिफुल हक, रईस अहमद, सतीश कुमार वर्मा, नरेश कर्णवाल, विक्रम सिंह के साथ अवधेशानंद पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार व क्षेत्र के व्यक्ति मौजूद रहे।

# बजट सर्वसमाज हित में : अशोक चौधरी

## सकारात्मक और विकासोन्मुखी बजट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग एवं छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया एक सकारात्मक और विकासोन्मुखी बजट है।

राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा-स्वास्थ्य तथा छोटे व मध्यम उद्योगों को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य करेंगे। राष्ट्रीय लोक दल सदैव किसान और ग्रामीण भारत के हितों के लिए कार्य करता रहा है। बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश को लाभ मिलने की उम्मीद है। हम आशा करते हैं कि सरकार बजट की घोषणाओं को ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से जमीन पर लागू करेगी, ताकि आमजन को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिला लापता व्यक्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब रविदास जयंती के अवसर पर लापता हुआ एक व्यक्ति सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर खेतों के बीच चकरोड पर संदिग्ध परिस्थितियों में घायल अवस्था में मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीरी सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम गढ़वावाला, रविदास जयंती के दिन शाम करीब चार बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

सोमवार सुबह करीब नौ बजे ग्रामीण कलवा सिंह खेत पर जा रहे थे, तभी उन्होंने गांव के हरि सिंह के खेत की चकरोड पर कश्मीरी सिंह को घायल अवस्था में बैठे देखा। इसकी सूचना तुरंत परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# एसआईआरः रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के संबंध में सोमवार को विकास भवन सभागार में रोल प्रेक्षक/आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में समस्त जनप्रतिनिधि/ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। एसआईआर की अब तक हुई कार्य प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। रोल प्रेक्षक ने नो मैपिंग वोटर के संबंध में जारी किये गये नोटिस, जनपद में नोटिस के सापेक्ष की जा रही सुनवाई तथा पोर्टल पर डाटा फीडिंग, फार्म-6, 7 व 8 की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुये स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई एसओपी का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुये कार्यवाही की जाये। एसआईआर में लगे समस्त वरिष्ठ अधिकारीगण बीएलओ स्तर की नियमित निगरानी रख कार्यवाही सुनिश्चित करें। समस्त ईआरओ व एईआरओ को निर्देशित किया गया कि अपनी विधानसभाओ से संबंधित जनप्रति. निधि एवं राजनैतिक दल के साथ समन्वय बनाये रखते हुये आवश्यक सहयोग प्राप्त करें तथा नियमित संवाद बनाये रखे। उन्होंने कहा कि नो मैपिंग वोटर के संबंध में जिन मतदाताओं की सुनवाई हो गई है उक्त सूची को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाये जिससे कि जनप्रतिनिधि एवं राजनैतिक दल उसको देख सके। नोटिस की सुनवाई हेतु सभी विधानसभा में बनाये जा रहे नये सेंटर की सूची जनप्रतिनिधि/ राजनैतिक दल को उपलब्ध करा दी जाये। उन्होने कहा कि विशेष अभियान की तिथि में नये मतदाता और छूटे हुये मतदाता के नाम जोड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत बरूकी बस स्टैंड पर सम्पन्न हुई। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

भारतीय किसान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी बस स्टैंड के फ्लाईओवर के दोनों ओर सर्विस रोड पर नहर की पुलिया का तत्काल प्रभाव से निर्माण चालू करने, दुर्घटनाओं को दावत दे रही पुरानी पुलिस चौकी को हटाने, बंदरों एवं आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने, बरूकी के दोनों साप्ताहिक बाजार पूर्व की भांति सहकारी समिति के प्रांगण एवं पानी की टंकी के प्रांगण में भरवाने, पंजाब नेशनल बैंक की शाखा द्वारा बैंक ग्राहकों के खाता पासबुक में एंट्री कराई जाए। मौके पर एनएचएआई के अधिकारी पहुंचे और उन्होंने 7 फरवरी को नहर के पुल पर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। अब्दुल मजीद की अध्यक्षता एवं चौधरी धर्मवीर सिंह के संचालन में सम्पन्न हुई पंचायत मोमिन खान, बनवारी लाल, नरपाल सिंह, रमेश कुमार आदि लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को डीएलएस से छह विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** टॉम बैंटन (नाबाद 54) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को वर्षा प्रभावित मुकाबले में (डीएलएस प(ति) से दो गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजए बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने रविवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन रत्नायके (40), कामिल मिशारा (36), पुथुम निसंका (34), कुसल मेंडिस (32) और चरित असलंका (नाबाद 28) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 189 का स्कोर बनाया। बारिश के कारण मैच कुछ देर के लिए रुका और फिर कम ओवरों के साथ डीएलएस पद्धति से 168 रनों का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया। इंग्लैंड के लिए आर्चर ने दो विकेट लिए। विल, लियम व रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### श्याम लाल कॉलेज और आईजीआई की जीत से शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्याम लाल कॉलेज व इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट के सोमवार को खेले गए मुकाबलों में जीत के साथ शुरुआत की। यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बालाराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेजेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेजबान श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने श्री पाणि, प्रो-सरिता त्यागी, एचओडी, डीपीईएसएस, डीयू, डा. ज्योति मान, असिस्टेंट डारेक्टर, डीयूएससी, श्री संजीव गौतम सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# भारत के मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को चेताया



**पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकती है अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार 'चुनिंदा भागीदारी' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता। 15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया कि आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर

## बीसीसीआई ने खेल भावना पर आईसीसी के रुख का किया समर्थन



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के पाकिस्तान के फैसले के बाद बीसीसीआई खेल भावना पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रुख से पूरी तरह सहमत है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय बोर्ड आईसीसी के साथ चर्चा करने तक इस पर कोई और टिप्पणी नहीं करेगा।

शुक्ला ने कहा कि आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है और हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। जब तक हम आईसीसी से बात नहीं कर लेते। बीसीसीआई इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। उनकी यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार की उस घोषणा के कुछ घंटे बाद आई, जिसमें कहा गया था कि उसकी राष्ट्रीय टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है, लेकिन भारत के खिलाफ मैच को इसमें शामिल नहीं किया है।

## बीसीसीआई ने इंडिया 'ए' टीम की घोषणा की, तिलक वर्मा की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आयुष बडोनी की अगुवाई में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले होने वाले दो अभ्यास मैचों के लिए 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा की। इंडिया ए टीम दो फरवरी को अपने पहले अभ्यास मैच में अमे. रिका का सामना करेगी, जिसके बाद वह वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के मैचों के तहत छह फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। टीम में शामिल किए गए खास खिलाड़ियों में से एक तिलक वर्मा हैं, जो टी-20 विश्व कप के लिए भारत की सीनियर टीम का भी हिस्सा हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज हाल ही में सर्जरी के बाद टीम से बाहर था, लेकिन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी जारी रखने के कारण उसे इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, सीनियर भारतीय पुरुष टीम भी विश्व कप की तैयारी के तहत एक अभ्यास मैच खेलेगी, जिसमें वह चार फरवरी को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।

**इंडिया ए टीम :-** आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान, मानव, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विपराज, रवि बिश्नोई, खलील अहमद और मयंक यादव।

## विश्व कप के शुरुआती दौर से बाहर रह सकते हैं हेजल वुड



**जोश हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई**

**सिडनी, वार्ता।** चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड रिहैब के कारण आगामी टी-20 विश्व कप का शुरुआती दौरे से बाहर रह सकते है। उनकी जगह शॉन एबट को ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में जोड़ा गया है। पाकिस्तान का दौरा मिस करने के बाद ग्लेन मैक्सवेल, नाथन एलिस और टिम डेविड मंगलवार को कोलंबो में टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का अभ्यास मैच है और फिर 11 फरवरी को उन्हें आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलना है। हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं और मेडिकल स्टाफ ने निर्णय लिया है कि वे फिलहाल सिडनी में ही रहेंगे। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने इस बारे में कोई समय-सीमा नहीं बताई है कि वे श्रीलंका कब पहुंचेंगे। डोडेमाइड ने कहा कि हमें लगा कि जॉश के लिए श्रीलंका जाने से पहले घर पर जाने-पहचाने माहौल में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखना अधिक व्यावहारिक और फायदेमंद होगा। नाथन के भी खेल में वापसी की प्रक्रिया पूरी करने के साथ, हमने शॉन को अपने साथ तेज गेंदबाजी कवर के तौर पर लाने का फैसला किया है ताकि अगर कम समय के नोटिस पर कुछ भी होता है तो वह उपलब्ध रहें। शॉन एक मंझे हुए और बहुमुखी खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई विश्व कप अभियानों का अनुभव लिया है। पाकिस्तान दौरे के बाद उनका ग्रुप के साथ बने रहना समझदारी भरा फैसला था। पीठ की चोट से उबर रहे पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप से पहले ही खो चुका है। उन्होंने चोट से उबरने के लिए अभी और समय चाहिए था जिसके कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच में से चार टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। बेन ड्वारश्विस को अंतिम 15 सदस्ईय स्क्वॉड में शामिल किया गया था।

## आईसीसी ने पुरुष टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम किया जारी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आईसीसी की ओर से आज जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार सात फरवरी से शुरु होने वाले टूर्नामेंट से पहले विभिन्न टीमों के बीच दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबा. नी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम-ए चिदंब. रम स्टेडियम में होंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर-प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे।

## बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई पुरस्कार के लिए दिव्या हुई शॉर्टलिस्ट



**● हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है**

**मुम्बई, वार्ता।** बीबीसी ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना, निशानेबाज सुरूचि सिंह तथा एथलेटिक्स ज्योति याराजी को वर्ष 2025 में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई का यह छठा संस्करण है।

इसमें उन महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा है, लाखों लोगों को प्रेरित किया है और अंतर्राष्ट्रीय खेल मंचों पर भारत की मौजूदगी को मजबूत बनाया है। इन खिलाड़ियों को खेल संपादकों, लेखकों और विशेषज्ञों की प्रतिष्ठित जूरी ने साल 2025 में उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया है। हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कलेक्टिव न्यूजरूम की एडिटर इन चीफ और सह संस्थापक रूपा झा कहती हैं कि अक्सर महिलाओं को शादी, उम्र, शरीर से जुड़े मानकों या विकलांगता जैसी वजहों से खेल से दूर रहने के लिए हतोत्साहित किया जाता रहा है। इस साल की एडिटोरियल थीम, एक बेहद सरल लेकिन जरूरी बात को मजबूती से सामने रखती है कि सभी खेल सकते हैं क्योंकि खेल सबका है- उसका असली असर केवल नतीजों से नहीं, बल्कि सभी को शामिल किए जाने और मिलने वाले मौकों से मापा जाना चाहिए।

# शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के राजनीतिकरण की निंदा की




**● शशि थरूर ने नई दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के बढ़ते राजनीतिकरण की आलोचना करते हुए भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश से जुड़े हालिया घटनाक्रमों को 'शर्मनाक' बताया और चेतावनी दी कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है।

पाकिस्तान के भारत के खिलाफ 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के फैसले और बंगलादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान से जुड़े विवाद पर श्री थरूर ने प्रतिक्रिया दी है कि खेल को राजनीतिक तनाव का शिकार बनने के बजाय जोड़ने वाली शक्ति के रूप में काम करना चाहिए। श्री थरूर ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया है। मुझे नहीं लगता कि मुस्तफिजुर को कोलकाता में खेलने के लिए उनके अनुबंध से वंचित किया जाना चाहिए था। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण था। श्री थरूर ने इस घटनाक्रम पर बंगलादेश की प्रतिक्रिया को जरूरत से ज्यादा बताया और कहा कि पाकिस्तान का यह कदम बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने का प्रयास है। श्री थरूर ने कहा कि बंगलादेश की प्रतिक्रिया जरूरत से ज्यादा थी, लेकिन यह उसी का प्रतिबिब है। पाकिस्तान बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला अब नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। क्षेत्र में क्रिकेट के सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए श्री थरूर ने हितधारकों से राजनी. ति को खेल से दूर रखने और उचित माध्यमों से बातचीत बहाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह समझने की जरूरत है कि खेल, जो सभी लोगों के लिए बहुत मायने रखता है, वह कम से कम खेल के मैदान पर तो हमें साथ लाने का जरिया होना चाहिए, खासकर क्रिकेट जैसा खेल। वर्तमान स्थिति को 'चेतावनी की घंटी' बताते हुए श्री थरूर ने सुझाव दिया कि आईसीसी संबंधित पक्षों के बीच तत्काल बातचीत के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर सकती है। श्री थरूर ने कहा कि मैं ईमानदारी से मानता हूं कि यह अब उन सभी के लिए एक चेतावनी की घंटी है, जिन्हें आपातकालीन आधार पर एक-दूसरे से संपर्क करना चाहिए। आईसीसी इसके लिए एक मंच बन सकता है, जो बस यह कहे कि चलिए इस बकवास को यहीं खत्म करते हैं। उनकी टिप्पणियां पाक सरकार की घोषणा के कुछ घंटे बाद आई है कि उसकी राष्ट्रीय टीम भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले ग्रुप-चरण मैच के लिए मैदान में नहीं उतरेगी। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पाक सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी की मंजूरी दे दी है।

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई टीम में ठाकुर यशस्वी जायसवाल की वापसी

**● शार्दूल ठाकुर और यशस्वी दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे**



**मुम्बई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है।

ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे। ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था।

एमसीए इस बात से अधिक खुश नहीं था कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिब(ता से फ्री होने के बावजूद जायसवाल ने पिछले कुछ मैच नहीं खेले। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है।

**मुंबई टीम इस प्रकार है:-** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सि(ेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्एश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

# हरियाणा थंडर्स ने जीता पीडब्ल्यूएल का खिताब

**● नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में हरियाणा थंडर्स ने 5-4 की रोमांचक जीत दर्ज कर पीडब्ल्यूएल का खिताब पक्का कर दिया**




**नोएडा, वार्ता।** हरियाणा थंडर्स ने रोमांचक फाइनल में मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराकर प्रो रेसलिग लीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ आखिरी मुकाबले तक चले रोमांचक फाइनल के बाद प्रो रेसलिंग लीग 2026 का चैंपियन चुना गया। आठ मुकाबलों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था और अब सब कुछ महिलाओं के 62 किग्रा के फाइनल मुकाबले पर निर्भर था, जहां पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स के लिए 5-4 की रोमांचक जीत और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब पक्का कर दिया। हरियाणा थंडर्स को डब्ल्यूपीएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1-5 करोड़ की पुरस्कार राशि, जबकि उप विजेता दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रूपए मिले। इंडिविजुअल अवॉर्ड्स में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को 57 किग्रा पुरुष वर्ग में 7 में से 7 बाउट जीतने के लिए 2-5 लाख का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड मिला, जिससे उन्होंने पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक बनाए, जबकि पंजाब रॉयल्स के चंद्रमोहन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पॉइंट स्कोर करने वाले खिलाड़ी रहे। नेहा सांगवान (हरियाणा थंडर्स) ने आखिरी बाउट तक फाइनल को जिंदा रखने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच जीता, जबकि रौनक (दिल्ली दंगल वॉरियर्स) ने पुरुष 125 किग्रा वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच जीता। इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अक्षय ढेरे (हरियाणा थंडर्स) ने 57 किग्राम पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए जीता। चैंपियनशिप नाइट की शुरुआत दिल्ली के 74किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बिना हारे तुरान बायरामोव के जरिए हुई, जिन्होंने शुरुआती बढ़त बनाई और मुकाबले को कंट्रोल करते हुए 8-1 से जीत हासिल की। हरियाणा ने 76किग्रा महिलाओं की वर्ग में तुरंत जवाब दिया, जहां अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल धोचक ने यूरोपियन चैंपियन अनास्तासिया अल्पीएवा को 3-1 से हराकर मुकाबला बराबर कर दिया। 65किग्रा पुरुषों के मुकाबले में फिर से मोमेंटम बदला जब दिल्ली के कप्तान सुजीत कलकल ने आखिर में शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के रजत पदक विज. ेता तुमुर ओचिर तुल्गा को 8-6 से हरा दिया। हरियाणा ने अपनी करिश्माई और कई बार की वर्ल्ड चैंपियन यूई सुसाकी के जरिए जवाब दिया, जिन्होंने सारिका पर शानदार टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत हासिल करके स्कोर 2-2 कर दिया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब एशियन चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वफ़ाईपुर हादी बख्तियार ने आशिरोव अशरफ़ को 11-0 से हराया, इससे पहले हरियाणा ने अक्षय के जरिए जोरदार वापसी की, जिन्होंने 57 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में दिल्ली के अमित को तकनीकी आधार पर हरा दिया। इसके बाद हैवीवेट मुकाबला अहम साबित हुआ, जिसमें रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनिरुद्धको 12-2 से हराया, जिससे दिल्ली 4-3 से आगे हो गई। हरियाणा ने हार नहीं मानी, और नेहा ने 57 किग्रा महिलाओं के मुकाबले में अंजलि को पिन करके फाइनल को जिंदा रखा।

# आर्सेनल महिला टीम ने जीता पहली बार फीफा चैंपियंस कप



**लंदन, वार्ता।** आर्सेनल महिला टीम ने ब्राजील की एससी कोरिथियंस पर अतिरिक्त समय में 3-2 से रोमांचक जीत के साथ पहला फीफा महिला चैंपियंस कप जीता। एमिरेट्स स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में सबस्टिट्यूट कैटलिन फोर्ड ने 104वें मिनट में निर्णायक गोल किया। आर्सेनल ने 15वें मिनट में ओलिविया स्मिथ के जरिए स्कोरिग शुरू की, लेकिन कोरिथियंस ने तेजी से जवाब दिया और गैबी जानोटी ने बराबरी कर ली। लोटे वुबेन-मोय ने ब्रेक के बाद हेडर से आर्सेनल की बढ़त वापस ला दी, लेकिन विक अल्बुकर्क ने ब्राजीलियाई चैंपियंस के लिए पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय के लिए मजबूर कर दिया। मैच के बाद फोर्ड ने कहा कि इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराना अच्छा है। आर्सेनल की कैप्टन किम लिटिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने कहा कि क्लब के घरेलू मैदान पर ट्रॉफी उठाने से यह उपलब्धि 'एक्स्ट्रा स्पेशल' हो गई। इससे पहले, यूनाइटेड स्टेट्स की गोथम एफसी ने उसी जगह पर मोरक्को की एज फार को 4-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 3 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुरक्षा पर सवाल

लोकसभा में सोमवार को उस समय भारी हंगामा देखने में आया, जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे का हवाला देते हुए यह कह डाला कि चार चीनी टैंक लद्दाख की सीमा में आ गए हैं। यह उस समय की बात है जब 2024 में चीनी सेना के साथ भारतीय सेना की डोकलाम में झड़प हो गई थी। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृहमंत्री अमित शाह ने उनको टोका। लोकसभा स्पीकर ने भी नियमों का हवाला देते हुए उनको ऐसा न कहने के लिए कहा, लेकिन राहुल गांधी करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। शोर-शराबा होते देख कई बार लोकसभा को स्थगित किया गया। अगर गिनती की बात करें, राहुल गांधी को राजनाथ सिंह ने 11 बार, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 4 बार, किरेन रिजिजू ने दो बार और अनुराग ठाकुर ने उनको 6 बार रोका, लेकिन राहुल गांधी यही कहते रहे कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए हैं। अपने दावे के रूप में उनका कहना था कि वह यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहे हैं, जिसमें पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब को कोट किया गया है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खड़े होकर कहा कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं, तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। इस पर राहुल अपनी चिर-परिचित आक्रामक शैली में आ गए और बोले कि आप सब ध्यान से सुनें इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। राहुल के अनुसार चार टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे और वे कुछ सौ मीटर ही दूर थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी बात पर अड़े रहे कि राहुल बताएं कि क्या यह किताब प्रकाशित हुई है या नहीं। इससे लोकसभा में हंगामा शुरू हो गया। राहुल का दावा है कि नरवणे की किताब में रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री का जिक्र है मैं यही बता रहा हूं। राहुल का यह भी कहना था कि जो मैं कहना चाह रहा हूं, यह सब पूर्व जनरल नरवणे ने कहा है, लेकिन उनकी किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया। इस पर अमित शाह ने कहा कि राहुल ने खुद ही कह दिया कि पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है अब बात ही खत्म हो जाती है। लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने राहुल का माइक ही बंद करा दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि यह चीन का सवाल देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, राहुल को पढ़ने देना चाहिए। असल में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक किताब लिखी है जो अभी पब्लिश नहीं हुई है, इससे हार्ड कवर अप्रैल 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। इस किताब में भारतीय सेना की 2020 की झड़पों के साथ-साथ अग्निवीर योजना को रिव्यूव किया गया है। जाहिर है उनकी किताब तभी छप सकती है जब रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी नहीं दे रहा, तो सवाल तो उठेंगे ही।

## अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश



भाजपाई घपलेबाज खुद फार्म-7 छापकर व नकली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं, यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है, बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रूक नहीं रही हैं, फार्म-7 का गैरकानूनी इस्तेमाल बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सजाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके, पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता इस कथित फर्जीवाड़े का पर्दाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

सुशील पाल



कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।

लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ए सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके। इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा। भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रूपए प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100 प्रतिशत) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं। भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।


> भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।

**( लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं )**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दवाई ऐसी जो डेंगू से दे सकती है राहत

> **फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ।**



जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपने हालिया प्रयास में एक एंटीवायरल दवा का परीक्षण किया है जिससे डेंगू वायरस को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। वर्तमान टीकों की सीमाओं के मद्देनजर यह प्रयास काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह एक विशेष किस्म का परीक्षण था जिसे मानव चुनौती परीक्षण कहते हैं। इसमें चंद स्वस्थ व्यक्तियों को पहले जानबूझकर वायरस से संक्रमित किया जाता है और फिर इलाज किया जाता है।

जेएनजे-1802 नामक इस दवा ने शुरुआती परीक्षणों में डेंगू संक्रमण को रोकने में काफी अच्छे परिणाम दिए हैं। 31 प्रतिभागियों पर इस दवा की उच्च खुराक वायरस के खिलाफ एक मजबूत ढाल साबित हुई। इसमें से कुछ प्रतिभागी तो संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित रहे जबकि अन्य में वायरस की प्रतिलिपियां बनाने की दर काफी कम देखी गई। यह परिणाम अमेरिकन सोसायटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि जेएनजे-1802 वायरस के दो प्रोटीनों के बीच एक जरूरी अंतर्क्रिया को रोकने का काम करती है। डेंगू वायरस की प्रतिलिपियां बनने के लिए यह अंतर्क्रिया अनिवार्य होती है। वर्तमान डेंगू टीकों की तुलना में यह नया तरीका काफी प्रभावी है। पुराने टीकों के साथ समस्या थी कि महीनों तक इनकी कई खुराक लेना पड़ता था और तो और, मनुष्यों को संक्रमित करने वाले चार अलग-अलग डेंगू सीरोटाइप के खिलाफ यह टीके समान रूप से प्रभावी भी नहीं थे, लेकिन जेएनजे-1802 प्रकोप के दौरान जल्द से जल्द सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। वैज्ञानिकों के अनुसार भविष्य में यह डेंगू नियंत्रण का एक अमूल्य साधन बन सकता है। फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ। इस कारणवश इस संस्करण को टीके के विकास में नहीं लिया गया। फिर भी, जॉन्स हॉपकिन्स युनिवर्सिटी की वैज्ञानिक एना डर्बिन और उनकी टीम ने इस संस्करण को एक चुनौती के रूप में देखा। इस संस्करण से पीड़ित लोगों में उन्होंने लगातार वायरस प्रतिलिपिकरण पाया जो प्राकृतिक वायरस के जितनी प्रतिलिपियां बनाता था। इसके संपर्क में आने वाले 90 से 100 प्रतिशत व्यक्तियों में एक विशिष्ट प्रकार की फुंसियां बनती हैं। इससे श्वेत रक्त कोशिका और प्लेटलेट की संख्या कम तो होती है लेकिन खतरनाक स्तर तक नहीं। यहां एक आश्चर्य की बात यह है कि शोधकर्ताओं ने संक्रमित मच्छरों का उपयोग करने की बजाय वायरस को सीधे इंजेक्शन से देने का विकल्प क्यों चुना। इस मामले में डर्बिन ने स्पष्ट किया कि चयनित संस्करण मच्छरों के शरीर में कुशलतापूर्व प्रतिलिपियां नहीं बनाता था। यह बाह्य रोगियों पर अध्ययनों के लिए एक आदर्श था। इसके चलते मच्छरों द्वारा वायरस फैलाए जाने की चिंता नहीं रही। दूसरी बात यह है मच्छर द्वारा प्रसारित हो तो वायरस की सटीक मात्रा निर्धारित करना मुश्किल है। इंजेक्शन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागी संक्रमित हो गए हैं। आने वाले समय में जेएनजे-1802 के विविध उपयोगों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रियों, सैन्य कर्मियों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों के लिए रोकथाम के एक उपाय के रूप में काम कर सकता है। इसके अलावा, शोधकर्ता सक्रिय डेंगू संक्रमण के इलाज के लिए इस दवा की चिकित्सकीय क्षमता की खोज कर रहे हैं। हालांकि अभी भी इस विषय में काफी काम बाकी है फिर भी इस अध्ययन के नतीजे एक ऐसे भविष्य की आशा प्रदान करते हैं जहां डेंगू का अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा।

**...स्रोत फीचर्स**

# मदर ऑफ ऑल डील्स को कैसे प्रभावी बनाए सरकार



विनीत नारायण

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में जाना जा रहा है, 27 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ है। यह समझौता लगभग दो दशकों की लंबी वार्ताओं का परिणाम है और इसमें 2 अरब से अधिक की आबादी तथा 27 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था शामिल है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा है, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वैश्विक व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा कवर करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। यह समझौता भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्रदान करता है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने होंगे, जिसमें अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

इस समझौतेके तहत यूरोपीय संघ भारत में निर्यात होने वाले 96.6 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा, जिससे यूरोपीय कंपनियों को सालाना लगभग 4 बिलियन यूरो (लगभग 4.7 बिलियन डॉलर) की बचत होगी। भारत ने यूरोपीय संघ को 102 सेवा उप-क्षेत्रों में पहुंच प्रदान की है, जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को 144 उप-क्षेत्रों में अवसर दिए हैं, जिसमें वित्तीय, समुद्री और दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं।



ऑटोमोटिव क्षेत्र में यूरोपीय कारों पर वर्तमान 110 प्रतिशत टैरिफ को धीरे-धीरे 10 प्रतिशत तक कम किया जाएगा। भारत के लिए यह समझौता टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग निर्यात को बढ़ावा देगा। अनुमान है कि यह समझौता 2032 तक यूरोपीय संघ के भारत में निर्यात को दोगुना कर देगा। साथ ही, यह अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा, जहां भारत के श्रम-गहन निर्यात प्रभावित हो रहे हैं।

माना जा रहा है कि यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया'योजनाओं के साथ तालमेल बैठाता है। यह न केवल निर्यात को बढ़ाएगा बल्कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, निवेश और रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करेगा। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ के साथ समझौता भारतीय एमएसएमई को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर देगा। हालांकि, इसके लाभों को अधिकतम करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियां प्रासंगिक हैं। प्रोफेसर कुमार, जो काले धन और आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ हैं, ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को 'अमेरिका जैसा एक और जाल' बताया है।उन्होंने असमान शर्तों, घरेलू उद्योगों विशेषकर कृषि और डेयरी पर जोखिम, व्यापार घाटे में वृद्धि, नीति स्थान की हानि और दीर्घकालिक आर्थिक निर्भरता की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि पिछले एफटीए में भागीदारों को अधिक लाभ हुआ है, और निवेश नियमों, नियामक संरेखण तथा बाजार बाढ़ से आत्मनिर्भरता कमजोर हो सकती है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार समझौतों से सबक लेने की सलाह दी है, जहां कृषि बाजार खोलने की मांग भारत के लिए कठिन है। इन चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए, सरकार को रचनात्मक कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। समझौते में डेयरी और कुछ कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है, लेकिन कुमार की चेतावनी के अनुसार, बाजार बाढ़ से बचने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करें। सरकार कृषि क्षेत्र में सब्सिडी और समर्थन को मजबूत करे, जैसे कि फसल बीमा और बाजार लिंकेज को बढ़ावा देकर। साथ ही, एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलों को तेज करें ताकि किसान वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें।

दूसरा, एमएसएमई और छोटे उद्योगों की तैयारी पर फोकस करें। प्रोफेसर कुमार की निर्भरता की चेतावनी को संबोधित करने के लिए, उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को विस्तार दें, विशेषकर टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स में। एमएसएमई को क्रेडिट पहुंच, कौशल विकास और निर्यात प्रशिक्षण प्रदान करें। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त निवेश कोष स्थापित करें जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर केंद्रित हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' मजबूत हो सके। तीसरा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी मानकों का अनुपालन। यूरोपीय संघ का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम), जो 1 जनवरी 2026 से पूर्ण रूप से लागू है, भारतीय स्टील और एल्यूमिनियम पर कार्बन टैक्स लगा सकता है, जिससे निर्यातकों को 22 प्रतिशत तक कीमत कम करनी पड़ सकती है। सरकार को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर, जैसे कि 500 जीडब्ल्यू सौर लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर, इस चुनौती का सामना करना चाहिए। सीबीएएम-अनुपालन प्रमाणन प्रणाली विकसित करें और यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करें। चौथा, व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए विविधीकरण। प्रोफेसर कुमार की व्यापार घाटे की चेतावनी को देखते हुए, सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करे, जैसे कि अफीका और लैटिन अमेरिका। साथ ही, समझौते के तहत निवेश नियमों को मजबूत करें ताकि नीति स्थान सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय निवेश बोर्ड को सक्रिय करें जो विदेशी निवेश की समीक्षा करे और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। पांचवां, मानव संसाधन और प्रवासन पर फोकस। समझौता प्रवासन और मोबिलिटी फेमवर्क से जुड़ा है, जो 'टैलेंट एंड सिक्योरिटी' पर केंद्रित है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रमों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए, जैसे कि आईटी और इंजीनियरिंग में। इससे युवा रोजगार बढ़ेगा और ब्रेन ड्रेन को रोका जा सकेगा। इन सुझावों से, सरकार यदि चाहे तो प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को अवसर में बदल सकती है। समझौता वैश्विक अनिश्चितताओं, जैसे कि अमेरिकी टैरिफ और चीन से व्यापार विचलन के बीच, भारत को रणनीतिक लाभ देगा। अनुमान है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को 41-65 प्रतिशत बढ़ाएगा और जीडीपी में 0.12-0.13 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। यह चीन से व्यापार विचलन (5-9 प्रतिशत) को बढ़ावा देगा, जो यूरोपीय संघ की डी-रिस्किंग और भारत की विविधीकरण रणनीति से मेल खाता है। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने का माध्यम बन सकता है। कबीरदास के दोहे, 'निंदक नियरे राखिए, ऑगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।।' को ध्यान में रखते हुए सरकार को प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए और संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत ने बांग्लादेश की मदद घटाकर आधी की

## अब 60 करोड़ देंगे, मालदीव-म्यांमार का भी फंड कटा, भूटान को बढ़ाकर 2288 करोड़ किया



■ यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है
■ 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाक से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में बांग्लादेश को दी जाने वाली मदद में बड़ी कटौती की है। इस साल बांग्लादेश के लिए सिर्फ 60 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जबकि पिछले साल 120 करोड़ रुपये दिए गए थे।

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है। इसकी वजह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा और वहां की विदेश नीति में बदलाव है। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाकिस्तान से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं। बांग्लादेश के अलावा मालदीव को 550 करोड़ रुपये मिलेंगे, लेकिन यह पिछले साल से कम है। म्यांमार के लिए 300 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो पहले से कम हैं। इस बजट में भारत ने भूटान के लिए 2288.55 करोड़ रुपये रखे हैं, जो पिछले साल से करीब 138 करोड़ रुपये ज्यादा हैं। भारत ने बजट में अफ्रीकी देशों के लिए 225 करोड़ रुपये, लैटिन अमेरिकी देशों के लिए 120 करोड़ रुपये और यूरेशियन देशों के लिए 38 करोड़ रुपये रखे हैं। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि इन रीजन के किस देश को कितना पैसा दिया जाएगा। भारत सरकार ने 2026-27 के लिए विदेश मंत्रालय का कुल बजट करीब 22118 करोड़ रुपये रखा है। इसमें दफ्तर चलाने का खर्च और दूसरे जरूरी कामों का पैसा दोनों शामिल हैं। यह रकम पिछले साल के मुकाबले थोड़ी ज्यादा है। विदेश मंत्रालय के तहत सचिवालय, विदेशों में बने दूतावास और मिशन, पासपोर्ट और इमीग्रेशन से जुड़े कामों पर भी पैसा खर्च होता है। इन सब पर सरकार करीब 9,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा भारत दूसरे देशों को आर्थिक मदद भी देता है। इसके लिए 2026-27 के बजट में 5685.56 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह रकम पिछले साल से लगभग 100 करोड़ रुपये कम है। पिछले साल यानी 2025-26 में इस मद के लिए 5785.40 करोड़ रुपये रखे गए थे।

### लॉर्ड मैंडेलसन ने एपस्टीन से संबंधों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमेरिका में पूर्व राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन ने दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों के बारे में नए खुलासे के बाद सत्तारुढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मैंडेलसन कहा कि उन्होंने लेबर सरकार को और शर्मिंदगी से बचाने के लिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने एपस्टीन के साथ अपने संबंधों की जानकारी देने वाले ईमेल सामने आने के बाद पिछले साल अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के पद से इस्तीफा दे दिया था। मैंडेलसन ने पार्टी के महासचिव को लिखे एक पत्र में लिखा कि इस सप्ताहांत जेफरी एपस्टीन को लेकर हो रहे हंगामे से मेरा नाम और जोड़ा गया है और मुझे इस पर अफसोस है। पत्र के कुछ हिस्से मीडिया में भी छपे।



शिमला। कुल्लू जिले में बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग सहित शीतकालीन और साहसिक खेलों का आनंद लेते पर्यटक।

### ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च के निर्माण का समर्थन किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राजधानी वॉशिंगटन, डीसी में दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च (स्मारक द्वार) के निर्माण के प्रस्ताव का समर्थन किया है। ट्रम्प ने रविवार को एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि आर्च 'सबसे बड़ा' हो और उन्होंने अमेरिका को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बताया। उन्होंने कहा, '200 वर्षों के लिए वह एक आर्च बनाना चाहते थे,' और राजधानी के स्वरूप को बदलने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने प्रस्ताव को वैश्विक नजरिए से देखते हुए कहा कि दुनिया भर के लगभग 57 शहरों में पहले से ही ट्रायम्फल आर्च हैं।

# भारत-ईयू डील से पाक में एक करोड़ नौकरियां खतरे में

## पाकिस्तानी नेता बोलेः हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म, अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा



■ सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें

**इस्लामाबाद।** भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डालर के नुकसान का भी डर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह ईयू के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-ईयू एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें।

भारत और (ईयू) ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25 प्रतिशत ग्लोबल जीडीपी और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं। पाकिस्तान इस डील से परेशान इसलिए है क्योंकि लंबे समय से उसे यूरोपीय मार्केट में भारत पर बढ़त हासिल थी। इसकी वजह ईयू की जीएसपी प्लस योजना थी। इस योजना के तहत पाकिस्तान को अपने करीब 66 प्रतिशत उत्पादों को बिना टैक्स के यूरोप भेजने की सुविधा मिली हुई थी। इसमें कपड़ा और रेडीमेड कपड़े जैसे सामान शामिल थे। वहीं भारत को ऐसे ही सामान पर 9 से 12 प्रतिशत तक टैक्स देना पड़ता था। इसके बावजूद पाकिस्तान का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 6.2 अरब डालर रहा, जबकि भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 5.6 अरब डालर का था।

अब भारत और ईयू के बीच हुआ यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे श्मदर ऑफ आल डील्सश कहा जा रहा है, भारत को यूरोप में बिना टैक्स के बड़ा बाजार देता है। इससे पाकिस्तान की वह बढ़त लगभग खत्म हो जाती है। इसके साथ ही पाकिस्तान की जीएसपी प्लस सुविधा, जो उसे 2014 में मिली थी, दिसम्बर 2027 में खत्म होने वाली है। अगर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया, तो पाकिस्तान को यूरोप में मिलने वाली यह खास व्यापार सुविधा पूरी तरह खत्म हो सकती है। ईयू पाकिस्तान का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। ऐसे में पाकिस्तान के कारोबारी वर्ग को डर है कि इस समझौते के बाद वह यूरोपीय बाजार में अपनी पकड़ खो सकता है और दूसरे देशों से मुकाबला और कठिन हो जाएगा। ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन के प्रमुख कामरान अरशद ने कहा कि भारत अब यूरोपीय बाजार में काफी ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो गया है। कई सेक्टर्स में पाकिस्तान की जीएसपी प्लस बढ़त खत्म हो चुकी है। एफपीसीसीआई के उपाध्यक्ष साकिब फैयाज मगून ने कहा कि जैसे ही भारत को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी, पाकिस्तान की बढ़त खत्म हो जाएगी और उसके निर्यात को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार बाजार हाथ से निकल गया, तो उसे वापस पाना बहुत मुश्किल होता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि जीएसपी प्लस योजना पाकिस्तान और ईयू दोनों के लिए फायदेमंद रही है। इसके जरिए यूरोप को सस्ते कपड़े और रेडीमेड सामान की लगातार आपूर्ति मिलती रही है। उन्होंने बताया कि जीएसपी प्लस का मुद्दा पिछले साल हुई रणनीतिक बातचीत में उठा था और इसके बाद ईयू और उसके सदस्य देशों के साथ कई बैठकों में इस पर चर्चा हुई है। पाकिस्तान इस मामले को ब्रसेल्स स्थित ईयू के मुख्यालय और अलग-अलग सदस्य देशों के साथ लगातार उठा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के करीब 95 प्रतिशत लेबर बेस्ड प्रोडक्ट्स को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी।

### बलूचिस्तान में महिला फिदायीन हमला पाक के 200 से ज्यादा जवान हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसका एक बड़ा सैन्य अभियान 'ऑपरेशन हीरोफ फेज-सेकेंड' 40 घंटे से ज्यादा समय तक चला। इस दौरान कई जिलों में हमले किए गए और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलोच के मुताबिक, इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और फ्रंटियर कोर के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं। जबकि 17 लोगों को पकड़ा गया हैं। उन्होंने आगे बताया कि बीएलए की तरफ से करान, मस्तुंग, तुंप और पसनी जैसे इलाकों में अभियान पूरा किया गया, इसके साथ ही क्वेटा और नोश्की के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना को पीछे धकेला गया है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। बलूचिस्तान के



मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि बलोचों के हमलों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं पाकिस्तानी सेना के अनुसार, शुक्रवार को 41 और शनिवार को 92 उग्रवादी मारे गए हैं। इस अभियान की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला फिदायीन (आत्मघाती हमलावर) भी शामिल थीं। आसिफा मेंगल ने नोश्की में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) मुख्यालय को निशाना बनाकर कार बम से हमला किया।

# ब्रिटेन प्रिंस ने एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीर भेजी

■ बेटी ने पिता से रिश्ता तोड़ा, सर्वाइवर बोलीः शाही महल में यौन संबंध के लिए मजबूर किया गया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रिंस एंड्र्यू ने 2008 में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजीं थी। यह खुलासा 2010 और 2011 के ईमेल्स से हुआ है, जिसे जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को जारी किया था। प्रिंस एंड्र्यू की तरफ से एपस्टीन को 20 दिसम्बर 2012 को एक कार्ड भेजा गया। इसमें कुल 4 तस्वीरें थीं। दो तस्वीरों में प्रिंसेस बीट्रिस को फरवरी 2012 में मोंट ब्लांक पर चढ़ाई करते हुए दिखाया गया है, जबकि प्रिंसेस यूजिनी की साइकिल चलाते तस्वीर भेजी गई थी। इस महीने की शुरुआत में प्रिंसेस यूजिनी ने अपने पिता एंडर्यू से सभी संपर्क तोड़ने का ऐलान किया था। यह तस्वीरें उस समय भेजी गईं, जब एंड्र्यू दावा कर चुके थे कि उन्होंने एपस्टीन से सभी संबंध खत्म कर दिए हैं।

ब्रिटिश अखबार 'द सन' के मुताबिक उस समय यूजिनी 21 साल की और बीट्रिस 23 साल की थीं। नए दस्तावेजों के मुताबिक, 21 दिसम्बर 2011 को 'एचआरएच द डयूक ऑफ यार्क' ईमेल आईडी से एपस्टीन को एक क्रिसमस कार्ड भेजा गया था। इसमें दोनों बहनों की बर्फ में ली गई तस्वीर थी। कार्ड पर एंड्र्यू के साइन थे। एपस्टीन से जुड़े एक और मामले में गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक महिला के वकील ने बीबीसी न्यूज को बताया कि एपस्टीन ने उसे प्रिंस एंड्र्यू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन भेजा था। वकील के मुताबिक, यह कथित घटना साल 2010 की है। महिला और एंड्र्यू की मुलाकात उनके निजी निवास रायल लाज में हुई थी। महिला ब्रिटिश नागरिक नहीं थी और उस समय उसकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। अमेरिका की कानूनी फर्म एडवर्ड हेंडरसन से जुड़े वकील ब्रैड एडवर्ड ने कहा कि एंड्र्यू के साथ रात बिताने के बाद महिला को शाही पैलेस घुमाया गया और वहां चाय भी पिलाई गई। बीबीसी ने इस मामले पर एंड्र्यू से प्रतिक्रिया मांगी है। आमतौर पर बकिंघम पैलेस आने वाले मेहमानों का रिकॉर्ड रखा जाता है, लेकिन महिला की पहचान सार्वजनिक न होने की वजह से ठठ्ब उसके दौरे की पुष्टि नहीं कर सका। यह पहली बार है जब किसी एपस्टीन सर्वाइवर ने किसी शाही निवास में यौन संबंध होने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रिंस एंड्र्य से अमेरिकी संसद की कमिटी के सामने गवाही देने को कहा है।

### न्यूयॉर्क शहर में ठंड से 14 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में पिछले हफ्ते खुले में रहने के कारण ठंड की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई है। महापौर जोहरान ममदानी ने रविवार को इस बात की पुष्टि की। स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आठ लोगों की मौत बहुत अधिक ठंड लगने से हुई थी। 25 जनवरी को आए भीषण बर्फीले तूफान में रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी से सड़कें और फुटपाथ कीचड़ भरे मलबे में तब्दील हो गए। ममदानी ने कहा कि अब तक 670 लाख पाउंड बर्फ पिघल चुका है और इसे हटाने के लिए 1880 लाख पाउंड नमक का इस्तेमाल किया गया है। बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए नए उपाय भी अपनाए गए हैं। बेघर लोगों के लिए नए एक कमरे वाले आश्रय गृह खोले जाएंगे।

# तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर रोक लगाई



■ चेतावनी देकर दवाएं नष्ट कर रहे, महिलाओं को प्रेग्नेंसी और मिसकैरेज में इलाज नहीं मिल पा रहा

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। तालिबानी डाक्टरों को धमकी देते हैं कि दवा दी तो क्लीनिक बंद करा देंगे।

देशभर में क्लीनिक भी बंद हो रहे हैं। महिलाओं को गर्भधारण या मिसकैरेज का इलाज नहीं मिल पा रहा। बदगीस प्रांत की एक निजी क्लीनिक में चेतावनी देते हुए सभी दवाएं नष्ट कर दी गईं। जवजजान प्रांत में 30 साल से क्लीनिक चला रही एक डाक्टर कहती हैं, तालिबान के सत्ता आने के बाद गर्भनिरोधक गोली तेजी से खत्म हो रही हैं। यहां 70 में से 30 महिलाओं को इसकी जरूरत होती थी, अब हम कह देते हैं कि हमारे पास कुछ भी नहीं है। कंधार प्रांत सहित कई जगहों पर सीधे पुरुष डाक्टरों से इलाज लेने पर सख्ती है। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था। इसके बाद से वहां महिलाओं की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए कई कानून लागू किए गए हैं। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था।

### पोलैंड में कड़ाके की ठंड से 50 से अधिक लोगों की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। श्चेपान्स्की ने कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया (शरीर का अत्यधिक ठंडा हो जाना) के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परित्यक्त इमारतों (जिन इमारतों में कोई नही रहता है) में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर हम परित्यक्त इमारतों में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे अधिक तापमान वाले स्थानों पर चले जाएं।

# नार्वे के डिप्लोमेट ने भारतीयों को सांप से बदतर कहा

## यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से कहा थाः इंडियन और सांप मिलें, तो पहले इंडियन को मारो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी करीब 30 लाख से ज्यादा फाइलें सार्वजनिक कर दी हैं। इन फाइलों के सामने आते ही कई बड़े और रसूखदार लोगों के छिपे हुए सच बाहर आ रहे हैं। इन्हीं दस्तावेजों में नार्वे के एक डिप्लोमेट टेर्जे राड-लार्सन का 25 दिसम्बर 2015 का एक ईमेल है। इसमें उन्होंने भारतीयों को सांप से भी बदतर बताया है।

दस्तावेजों से पता चला है कि एपस्टीन ने लार्सन को किसी भारतीय नेता का ईमेल फारवर्ड किया था। इसके जवाब में लार्सन ने कहा था कि जब आप एक भारतीय और एक सांप से मिलें, तो पहले भारतीय को मार डालो। हालांकि ये अभी तक क्लियर नहीं है कि लार्सन ने भारतीयों के खिलाफ ये मेल क्यों लिखा था। एपस्टीन फाइल से ये भी पता चला था कि लार्सन ने 2013 में बिल गेट्स और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की मुलाकात की जानकारी सीधे जेफरी एपस्टीन को भेजी थी। यह मुलाकात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी। ईमेल में इस बैठक की पूरी रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि बिल गेट्स ने पाकिस्तान में पोलियो खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों की तारीफ की थी और कहा था कि इस दिशा में पाकिस्तान ने अपने काम को दोगुना कर दिया है। वहीं,



नवाज शरीफ ने साइंस और टेक्नीक को आगे बढ़ाने को लेकर अपनी सोच शेयर की थी। उन्होंने खास तौर पर युवाओं के लिए आईटी सेक्टर में नौकरियां पैदा करने, टेक्नोलाजी एक्सपोर्ट बढ़ाने, ई-गवर्नेंस और टेक पार्क बनाने की बात कही थी। लार्सन एक नार्वेजियन डिप्लोमेट रहे हैं। वे इंटरनेशनल पीस इंस्टीटयूट के अध्यक्ष थे और यूएन में भी काम कर चुके हैं। साल 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उनका नाम जेफी एपस्टीन से जुड़ा था। हाल ही में जब टेर्जे रोड-लार्सन से जब जेफी एप्स्टीन से जुड़े मामलों पर सवाल पूछे गए थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस पूरे मामले में वे लगातार मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं।

# ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद

## ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी



■ ट्रम्प ने कहाः हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ 'समझौता होने की' उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रम्प ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जाएगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है या नुकसान पहुंचाता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने ईरान में अमेरिका के हस्तक्षेप के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के कई आकर्षण केन्द्र हैं, जिनमें उसका तेल, उसके खनिज और उसकी भौगोलिक स्थिति दूसरे देशों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।

### रूस ने यूक्रेन से संचालित धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटर को किया बंद

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूसी पुलिस ने लेनिनग्राद क्षेत्र में यूक्रेन से संचालित हो रहे कॉल सेंटर को बंद करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रूस के पश्चिम में यह दूरसंचार केंद्र यूक्रेन के जालसाज संचालित कर रहे थे। रूसी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इस संबंध में सेंट पीटर्सबर्ग से दो संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि दोनों संदिग्ध यूक्रेन में मौजूद कॉल सेंटरों से अगस्त 2025 से संपर्क में थे। वे अंतर्राष्ट्रीय कॉल लगाने के लिए सिम बॉक्स का इस्तेमाल कर रहे थे, जो कॉल करने वाले की पहचान और लोकेशन छिपा लेता है। पुलिस ने कहा कि यह कॉल सेंटर हर दिन 5000 से ज्यादा लोगों को धोखाधड़ी वाली कॉल करता था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के शिकार रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर